चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 92 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 26 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जिग्नेश मेवाणी: असम की कोर्ट ने गुजरात के विधायक को दी जमानत, फिर हुए गिरफ्तार

**गुवाहाटी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक आपत्तिजनक ट्वीट के मामले में असम से गिरफ्तार हुए गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को असम की कोकराझार कोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, असम पुलिस ने जमानत मिलने के बाद, अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि उन्हें एक दिन पहले कोकराझार कोर्ट ने ही न्यायिक हिरासत में भेजा था। कांग्रेस विधायक और दलित नेता जिग्नेश मेवाणी को असम पुलिस ने पालनपुर सर्किट हाउस से बुधवार रात करीब 11:30 बजे गिरफ्तार कर लिया था। जहां से उन्हें असम ले जाया गया। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम पुलिस ने मेवाणी के खिलाफ केस दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक, मेवाणी को सड़क मार्ग से अहमदाबाद ले जाया गया, वहां से उन्हें ट्रेन से असम के गुवाहाटी लाया गया और फिर सड़क मार्ग से कोकराझार ले जाया गया था। वह वड़गाम से कांग्रेस विधायक हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में दावा किया था, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो कि गोडसे को गॉड मानते हैं, उन्हें गुजरात में सांप्रदायिक संघर्ष के खिलाफ शांति व सौहार्द की अपील करना चाहिए।' उक्त ट्वीट को लेकर मेवाणी के खिलाफ भादंवि की धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 153 (अ) (दो समुदायों के खिलाफ शत्रुता बढ़ाना), 295(अ) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से भड़काने वाली बातें कहना) तथा आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

## सीतापुर: सपा विधायक आजम खां से जेल में मिले कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद, भगवद्गीता भेंट की

**सीतापुर:** प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव व सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा के बाद सोमवार को कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम जिला कारागार में बंद आजम खां से मुलाकात करने पहुंचे। मुलाकात के बाद कारागार से बाहर निकले प्रमोद कृष्णम ने बताया कि वह आजम से मिलकर कोई रणनीति बनाने नहीं आए थे बल्कि उनका हालचाल जानने आए थे। उन्होंने कहा कि आजम खां पर बहुत ज्यादती हुई है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक साधु हैं। साधु होने के नाते उनका ह्रदय विराट होना चाहिए। उनका भाव समदर्शी होना चाहिए। उनके राज में निर्दोष पर जुर्म होना अपने आप में अन्याय है। उन्होंने कहा कि आजम खां ने काफी देर उनसे मुलाकात कर बातचीत की। इस दौरान आजम ने उनको खजूर भी खिलाया। प्रमोद कृष्णम ने आजम खां को गीता भी भेंट की। कृष्णम ने कहा कि गीता धर्म और सत्य का ग्रंथ है। असत्य पर सत्य की विजय का ग्रंथ है। आचार्य ने कहा कि वह कांग्रेस की तरफ से मुलाकात करने नहीं आए हैं। न ही सियासत करने आए हैं। जेल से रिहा होने के बाद आजम खां से सियासत पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि आजम उनके अच्छे दोस्त रहे हैं। उनका फर्ज बनता है कि संकट की घड़ी में अपने दोस्त से मुलाकात करने पहुंचे। इसमें सियासत करना उचित नहीं है। जब से आजम खां के समर्थकों ने समाजवादी पार्टी से मुंह फेरना शुरू किया है।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से आतंकवादियों को हटा रहा तालिबान

**इस्लामाबाद:** अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकी संगठनों को पाकिस्तान के साथ सीमा वाले क्षेत्रों से दूर स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाने की शुरूआत कर दी है। तालिबान सरकार ने यह फैसला हाल ही में हुए सिलसिलेवार क्रॉस बॉर्डर हमलों को देखते हुए लिया है जिसमें लगभग एक दर्जन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। इस पर इस्लामाबाद की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई थी। बीते समय में आतंकी समूहों को समाप्त करने को लेकर तालिबान सरकार की अनिच्छा से पाकिस्तान की निराशा बढ़ी है। इसमें प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान भी शामिल है।

# सैन्य खर्च में भारत तीसरे नंबर पर

### 2021 में दुनिया का सैन्य खर्च पहली बार 2.10 लाख करोड़ डॉलर; अमेरिका-चीन टॉप पर

**स्टॉकहोम:** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने सोमवार को दुनिया की प्रमुख सेनाओं के सालाना खर्च पर रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, विश्व सैन्य खर्च 2021 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका टॉप पर है। इसके बाद चीन और फिर तीसरे नंबर पर भारत है। बात अगर भारत की करें तो चार साल पहले यानी 2018 में भारत की 5वीं पोजीशन पर था और तब कुल सैन्य खर्च 66.5 बिलियन डॉलर था। यानी 2021 तक इस खर्च में 10.1 बिलियन डॉलर (7.74 लाख करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ है।

**0.7% बढ़ा ग्लोबल मिलिट्री एक्सपेंडिचर:** रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल मिलिट्री एक्सपेंडिचर 2021 में 0.7% बढ़कर 2,113 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। 2021 में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, भारत, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) और रूस शामिल थे। टोटल एक्सपेंडिचर का 62% हिस्सा अकेले इन 5 देशों ने खर्च किया। मिलिट्री एक्सपेंडिचर और आर्म्स प्रोडक्शन प्रोग्राम के सीनियर रिसर्चर डॉ. डिएगो लोपेज डा सिल्वा ने कहा- कोरोना महामारी के बाद सामने आई आर्थिक गिरावट के बीच भी सैन्य खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। महंगाई के कारण विकास दर में मंदी थी। हालांकि फिर भी सैन्य खर्च में 6.1% की बढ़ोतरी हुई।

**भारत ने बढ़ाया था रक्षा बजट:** भारत का सैन्य खर्च पिछले साल 76.6 बिलियन अमेरिकी डालर के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सरकार ने 2020 की तुलना में 0.9% की बढ़ोतरी की।

अमेरिका टॉप पर, इसके बाद चीन और फिर तीसरे नंबर पर भारत, भारत की करें तो चार साल पहले यानी 2018 में भारत की 5वीं पोजीशन पर था



### भारत ने सीमा विवादों के चलते सैन्य बजट बढ़ाया

**भारत** ने चीन और पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और सीमा विवादों के चलते सैन्य बजट बढ़ाया है। भारत का 76.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी 5.87 लाख करोड़ रुपए का सैन्य खर्च दुनिया में तीसरे नंबर पर है। यह 2020 से 0.9% और 2012 से 33% ज्यादा है। स्वदेशी हथियार उद्योग को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए 2021 के सैन्य बजट में 64% बजट निर्धारित किया गया था।

**इसलिए अमेरिका टॉप पर बरकरार:** रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में अमेरिकी सैन्य खर्च 801 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक पहुंच गया, जो 2020 के मुकाबले 1.4% कम है। 10 साल में अमेरिका ने मिलिट्री रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए 24% बजट बढ़ाया और हथियारों की खरीद पर खर्च में 6.4% की कमी की।

### यूक्रेन वॉर ने बढ़ाया रूस का खर्च

**दूसरे** स्थान पर चीन है, जिसने डिफेंस पर 293 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह 2020 की तुलना में 4.7% ज्यादा रहा।

**यूक्रेन वॉर ने बढ़ाया रूस का खर्च**-ब्रिटेन ने पिछले साल रक्षा पर 68.4 अरब डॉलर खर्च किए, जो 2020 के मुकाबले 3% ज्यादा रहा है। वहीं यूक्रेन पर दो महीने से हमला कर रहे रूस ने रक्षा खर्च में पांचवी पोजीशन बरकरार रखी है।

### रूस ने सेना पर 20 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए

**रूस** ने 2021 में अपना सैन्य खर्च 2.9% बढ़ाकर 65.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया था। यह वही समय था, जब वह यूक्रेनी सीमा पर अपनी सेनाओं को भेज रहा था। रूस ने युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक सेना पर 20 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च कर दिए हैं। यूक्रेन ने 2021 में अपनी सेना पर 5.9 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो रूस के बजट के दसवें हिस्से से भी कम है।

## हरियाणा: 18 से 59 वर्ष के लोगों को मुफ्त में लगेगी बूस्टर डोज



**चंडीगढ़:** हरियाणा में 18 से 59 वर्ष के आयु वर्ग के नागरिकों को मुफ्त बूस्टर डोज लगेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह घोषणा की है। इसमें 300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसे हरियाणा सरकार ही वहन करेगी। जल्द ही बूस्टर डोज लगाने का अभियान शुरू होगा। प्रदेश में अब तक कुल दो करोड़ 33 लाख से अधिक लोगों को कोविड रोधी वैक्सीन की पहली और करीब एक करोड़ 88 लाख को कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। वहीं अब तक करीब 3,71,700 बूस्टर डोज भी लगाई जा चुकी हैं।

**417 नए केस, एक्टिव केस 1757 पहुंचा:** हरियाणा में कोरोना के मामले तेजी से दस्तक देने लगे हैं। रविवार को प्रदेश में 417 नए केस मिले हैं। अब कुल एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 1757 तक पहुंच गई है। राहत की बात यह है कि इनमें से 1729 मरीज घरों पर ही इलाज ले रहे हैं, जबकि शेष मरीज अस्पतालों में दाखिल हैं। प्रदेश में संक्रमण दर भी बढ़कर 4.24 प्रतिशत तक हो गई है। रिकवरी दर 98.25 और मृत्यु दर 1.07 प्रतिशत चल रही है। बुलेटिन के अनुसार, नए केसों की बात करें तो गुरुग्राम में 331, फरीदाबाद में 72, हिसार में पांच, सोनीपत में चार, रोहतक में चार, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, कैथल में एक-एक नया मरीज मिला है। शेष 15 जिलों में एक भी नया मामला सामने नहीं आया है।

## सीएम जयराम ने किया हिमाचल मीडिया केंद्र का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने यहां प्रदेश मीडिया केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों के साथ नियमित संवाद को एक प्रभावी मंच प्रदान करने के लिए यह मीडिया केन्द्र स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित हिमाचल भवन में प्रदेश मीडिया केंद्र का उद्घाटन करने के बाद ठाकुर ने कहा कि इस सेंटर का निर्माण 16.5 लाख रुपये की लागत से किया गया है और यहां पत्रकारों को मूलभूत सुविधाएं तथा कार्यस्थल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है तथा पिछली सरकार के 400 करोड़ रुपये तुलना में इस पर 1300 करोड़ रुपये व्यय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वृद्धजनों को अधिक संख्या में लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन की आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष किया गया है। प्रदेश में 6,35,375 व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 20 लाख लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है जबकि इस योजना से छूटे पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हिमकेयर योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 2.40 लाख लोगों ने निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी घरों को गैस कनेक्शन प्रदान करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग एक लाख लोगों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत लाया गया है तथा प्रदेश सरकार ने शेष व्यक्तियों को कवर करने के लिए मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना शुरू की है।

## 'भाजपा पर तंज: राष्ट्रपति शासन सिर्फ धमकी'



**मुंबई:** महाराष्ट्र की सियासत में हनुमान चालीसा को लेकर चल रहे विवाद पर राजनीतीक बयानबाजी में एनसीपी नेता शरद पवार ने भी एंट्री ले ली है। सोमवार को उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक भावनाएं दिखाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस दौरान भाजपा और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना पर भी तंज कसा। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता खोने के बाद कुछ लोग चिंतित हो रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि यह अच्छी बात है कि राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाने का फैसला किया। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को लेकर अगर बैठक में कुछ अच्छा निकलता है तो उन्हें बहुत खुशी होगी।

## सत्य निकेतन में इमारत जमींदोज: मलबे से निकाल दो को पहुंचाया अस्पताल



**नई दिल्ली:** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में सोमवार दिन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक निमार्णाधीन इमारत जमींदोज हो गई। इमारत के मलबे में पांच मजदूरों के फंसे होने की आशंका है, जिसमें से दो को निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया गया। मलबे में फंसे तीन मजदूरों को निकालने का काम अब भी जारी है। बिल्डिंग के धराशायी होने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं और राहत व बचाव कार्य जारी है। मौके पर जमा मलबे को हटाने और फंसे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी की भी मदद ली जा रही है। वहीं, मलबे में फंसे मजदूरों का पता लगाने के लिए एनडीआरएफ ने प्रशिक्षित कुत्तों को लाया है।

## हनुमान चालीसा: सांसद नवनीत राणा को राहत नहीं



**मुंबई:** महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का एलान करने के मामले में गिरफ्तार सांसद नवनीत राणा को बॉम्बे हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका खारिज कर दी है। नवनीत राणा को सार्वजनिक जगह पर हनुमान चालीसा को लेकर फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक जीवन वालों की जिम्मेदारी ज्यादा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि चूंकि मामले में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है, राज्य सरकार दूसरी एफआईआर के अनुसार कार्रवाई शुरू करने की इच्छुक है। इस तरह की कार्रवाई करने से पहले याचिकाकताओं को 72 घंटे का नोटिस जारी करेंगे। अमरावती की सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख करते हुए अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी।

## 'इम्पॉवर्ड एक्शन ग्रुप' का गठन करेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए इम्पॉवर्ड एक्शन ग्रुप बनाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त कार्य समूह का गठन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के सुझावों पर विचार के लिए गठित समिति की रिपोर्ट पर मंथन करने के बाद लिया गया है।

सुरजेवाला ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने फैसला लिया है कि देश के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए पार्टी आगामी 13, 14 और 15 मई को ह्यनवसंकल्प चिंतन शिविरह्न का आयोजन करेगी। यह आयोजन राजस्थान के उदयपुर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान देश सहित पार्टी को मजबूत बनाने के मुद्दे पर मंथन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कांग्रेस को मजबूत बनाने को लेकर प्रशांत किशोर ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और दूसरे शीर्ष नेताओं के सामने एक प्रेजेंटेशन दी थी।

जिसके बाद सोनिया गांधी ने संगठन और राजनीतिक चुनौतियों को देखने और परखने के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया था। इस समिति ने 21 अप्रैल को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। आज पार्टी अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों के साथ बातचीत के बाद इम्पॉवर्ड एक्शन ग्रुप का गठन करने का निर्णय लिया है।

लोग बोले- विधर्मियों से कोई सामान न खरीदेंगे, न उन्हें कुछ बेचेंगे, शहर से गांव तक जा पहुंची है। जिले के कई गांवों में हिंदू संगठन के सदस्य जनता को सार्वजनिक रूप से एक संकल्प दिला रहे

## एमपी में खरगोन दंगे के बाद आर्थिक बहिष्कार का संकल्प

**खरगोन:** मध्य प्रदेश के खरगोन में दंगे के बाद लोगों के बीच वैमनस्यता और बढ़ गई है। अब यह शहर से गांव तक जा पहुंची है।

जिले के कई गांवों में हिंदू संगठन के सदस्य जनता को सार्वजनिक रूप से एक संकल्प दिला रहे हैं। उन्हें विधर्मियों की दुकानों से कपड़ा, चप्पल या अन्य कोई भी वस्तु नहीं खरीदने की शपथ दिलवाई जा रही है। रोहित कासवानी का कहना है कि इस प्रकार का वीडियो हमारे संज्ञान में भी आया है। वीडियो की जांच कर रहे हैं।



**संकल्प लेने के वीडियो हो रहे वायरल:** जिले के उबदी, पिपरी और इच्छापुर गांव में इस तरह के आयोजन हो चुके हैं। वहीं, बिस्टान और केली में भी ऐसे मामले सामने आए हैं। संकल्प लेने के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। साथ ही हाट-बाजारों में भी आर्थिक बहिष्कार की बातें सामने आ रही हैं। खरगोन के उबदी गांव में विधर्मियों से सामान नहीं खरीदने का संकल्प लेती महिलाएं, इस दौरान कुछ बच्चे भी मौजूद रहे।

**यह है संकल्प:** 'आज से हम संकल्प लेते हैं कि विधर्मियों की दुकानों से कपड़ा, चप्पल या अन्य कोई भी वस्तु नहीं खरीदेंगे, न ही उन्हें अपनी कोई भी वस्तु बेचेंगे। हे महाकाल, हमारे संकल्प को पूरा करने की उपयुक्त शक्ति और मनोवृत्ति प्रदान करें।

संकल्प के दौरान हाथों में पूजा की थाली लेकर खड़े पुरुष और महिलाएं।

बता दें कि 10 अप्रैल को रामनवमी पर हुए उपद्रव में शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और धार्मिक क्षति हुई थी। इससे लोगों के मन पर गहरा घाव हुआ है, जिसके फल स्वरूप लोग अपने-अपने स्तर पर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

## प्राकृतिक खेती से प्रकृति के साथ बढ़ेगा तालमेल: तोमर

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्राकृतिक खेती को केन्द्र सरकार बढ़ावा दे रही है। इससे किसानों को लाभ होने के साथ-साथ प्रकृति से भी हमारा तालमेल बढ़ेगा। तोमर ने सोमवार को विज्ञान भवन में नीति आयोग की ओर से आयोजित 'नवोन्वेषी कृषि' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि संबंधी पाठ्यक्रमों में भी प्राकृतिक खेती का विषय शामिल करने को लेकर बनाई गई समिति ने भी काम शुरू कर दिया है। प्राकृतिक खेती के माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ तालमेल बढ़ेगा, जिसके कृषि क्षेत्र में- गांवों में ही रोजगार बढ़ने सहित देश को व्यापक फायदे होंगे।

## खबर संक्षेप

### उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से परेशान हैं ग्रामीण

**बारा।** बारा तहसील के आसपास के गांव इस समय बिजली पानी और गर्मी की मार का लगातार सामना कर रहे हैं प्रधान टिकरी कला मुकेश उपाध्याय ने बताया कि लगातार हो रही बिजली की कटौती के कारण सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है टिकरी कलां गांव में एक सरकारी नलकूप लगा हुआ है जोकि ध्वस्त पड़ा हुआ है रिबोर के लिए कार्रवाई की गई है लेकिन आज तक रिबोर नहीं हो पाया जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है प्रधान सिसेर्डी राम भारती ने बताया कि इस समय कुल 5 से 6 घंटे बिजली की सप्लाई मिल पा रही है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रधान धरा मनोज मिश्रा ने बताया कि हमारा गांव पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है और पानी की सतह सूख जाती है हैंडपंपों में काफी देर बाद पानी निकलता है ग्रामीण किसी तरह बारी-बारी से अपना काम चलाते हैं प्रधान बारा खास संतोष जायसवाल का कहना है की हो रही अघोषित बिजली आपूर्ति से ग्रामीणों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है तपते मौसम के कारण लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं बिजली न होने के कारण उनको परेशानी का सामना करना पड़ता है सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है कई हैंडपंप का पानी सूख गया है किसी तरह से ग्रामीण अपना काम चलाते हैं।

# श्मशान घाट से उठाया शव, नारीबारी रोड पर लगाया जाम

## संदिग्ध दशा में हुई थी युवक की मौत, मृतक के ससुराली परिजनों की मांग पर पीएम को भेजा गया शव



रोते बिलखते परिजन



शव रखकर नारीबारी रोड पर लगाया जाम

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार क्षेत्र के नारीबारी निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद घर के लोग शव लेकर अंतिम संस्?कार के लिए श?मशानघाट पर पहुंच गए। दूसरी तरफ सूचना पाकर मृतक के ससुराल के लोग भी पहुंच गए और गले पर काला निशान देख हत?या का आरोप लगाते हुए शव श्मशानघाट से उठा ले गए और चक्काजाम कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर परिजन माने और जाम समाप्त किया। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी के हिनौती लुडेर गांव निवासी पवन गुप्ता (35) ठेले पर लाई, चना भूंजने का काम कर परिवार चलाता था। रविवार रात वह अपने आशियाने में सो रहा था। जबकि पत्नी रेखा और बच्चे छप्पर के नीचे सो रहे थे। रात करीब दो बजे उसकी पत्नी उठी और पति को आवाज दी, लेकिन कोई आहट नहीं मिली। पत्नी उसके पास पहुंची तो देखा कि वह मृत पड़ा है। इस पर वह रोने-बिलखने लगी। परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही आसपास के लोग पहुंच गए। सभी ने आशंका जताई है कि उसकी मौत हार्टअटैक से हुई है। सोमवार सुबह पवन के पिता व अन्य लोग अंतिम संस्कार के लिए उसके शव को श्मशान घाट ले गए। उसी समय पवन का साला मनोज (निवासी लहटी, फाफामऊ) कई लोगों के साथ पहुंचा। पवन का शव देखा तो गले पर काला निशान था। चेहरे पर भी खरोंच के निशान थे। यह देखते ही उसने हत्या की बात कहते हुए हंगामा शुरू करते हुए शव को श्मशान घाट से उठा लिया और शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर रखकर चक्काजाम करने जा रहे थे।तभी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को देखने पर पुलिस को भी हत्या का अंदेशा हुआ। इस पर पवन के पिता प्रेमचंद्र से प्रार्थना पत्र लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवक के गले पर कुछ निशान मिले हैं। जिस पर घर वालों को समझाया गया और लाश को पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा तकनीकी सहायकों, कंप्यूटर ऑपरेटर्स का वेतन बढ़ाने पर विचार करे यूपी सरकार : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के तहत कार्यरत तकनीकी सहायकों और कंप्यूटर ऑपरेटर्स के लिए अच्छी खबर है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तकनीकी सहायकों और कंप्यूटर ऑपरेटर्स का वेतन बढ़ाने पर विचार करने केलिए उत्तर प्रदेश सरकार को समिति बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले पर गौर करे। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने विमल तिवारी सहित 32 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचियों की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार उन्हें कम पारिश्रमिक दे रही है। वह एक कल्याणकारी राज्य होने की जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पा रही है। याचियों का कहना था कि उन्हें लोक निर्माण विभाग की स्थापना



में कार्यरत स्थायी कनिष्ठ अभियंताओं या तकनीकी सहायकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के समान निर्धारित वेतनमान, ग्रेड वेतन और अन्य भत्ते में नियमित वेतन प्रदान किया जाए। ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज निर्माण विभाग सहित विभिन्न निगमों में भी इसी तरह का वेतनमान दिया जा रहा है।

**दिहाड़ी मजदूरों को भी मिल रहा उनसे अधिक वेतन :** उन्होंने न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि वे वही काम कर रहे हैं जो यूपी राज्य के लोक निर्माण विभाग और पंचायती राज विभाग में संबंधित पदों पर कार्यरत लोगों द्वारा किया जा रहा है। कोर्ट को बताया गया कि दिहाड़ी मजदूरों को भी उनसे अधिक वेतनमान दिया जा रहा है। कहा कि पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, मिजोरम और छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा उच्च मासिक परिलब्धियां तय की गई हैं, जिससे मासिक वेतन 18 हजार रुपये हो गया है। कुछ राज्यों में 35 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, जबकि यूपी में आठ हजार रुपये ही प्रतिमाह मिल रहे हैं।

**याचिकाकताओं को अनुबंध के आधार पर दिया जा रहा वेतन :** दूसरी ओर सरकारी अधिवक्ता की ओर से तर्क दिया गया कि याचिकाकताओं को अनुबंध के आधार पर मानदेय दिया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यूपी राज्य के लोक निर्माण विभाग और पंचायती राज विभाग में जूनियर इंजीनियरों के पारिश्रमिक के तुलनात्मक आंकड़े उसके पास नहीं हैं, इसलिए वह मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।कोर्ट ने मध्य प्रदेश राज्य बनाम आरडी शर्मा 2022 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले का उल्लेख किया। जिसमें यह माना गया था कि समान काम के लिए समान वेतन मौलिक अधिकार नहीं है। हालांकि, यह सरकार द्वारा प्राप्त किया जाने वाला एक सांविधानिक लक्ष्य है। मामले में कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए याचियों को राहत देने से इनकार कर दिया।

**दिया जा रहा मासिक वेतन सभ्य जीवन के लिए कम :** हालांकि, कोर्ट ने यह पाया कि उनके द्वारा प्राप्त किया जा रहा मासिक वेतन एक सभ्य जीवन को बनाए रखने के लिए कम है। इसलिए उसने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकताओं का वेतन बढ़ाने के संबंध में समिति गठन करे। यह समिति तर्कपूर्ण निर्णय लेगी। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में सुनवाई केलिए 27 मई की तिथि भी निर्धारित कर दी।

# बड़े बकाएदारों का पहले कटे बिजली कनेक्शन : मुख्य अभियंता

**प्रयागराज।** पावर कारपोरेशन लखनऊ शक्ति भवन के मुख्य अभियंता अमित कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को सिविल लाइंस, म्योहाल, तेलियरगंज उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। मौजूद अधिकारियों से कहा कि पहले बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे और बाद में छोटों के। बड़े बकाएदारों की सूची भी वह खुद लेकर आए थे। इसमें छह के कनेक्शन भी उन्होंने कटवाए।

**छह के काटे गए कनेक्शन, कोल्ड स्टोरेज और शापिंग काम्प्लेक्स में की जांच :** निरीक्षण के दौरान उपकेंद्रों पर मिले उपभोक्ताओं से बातचीत भी की। उनकी समस्याओं के बारे में जाना। जिस पर कुछ उपभोक्ताओं ने कहा कि बिजली का बिल अधिक आ रहा है। कुछ बोले कि बिजली कटौती हो रही है, जिस पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के तहत निस्तारण किया जाए। लोगों को नियमित शेड्यूल के मुताबिक बिजली मिलनी चाहिए। ब्रेकडाउन न हो, इसे सुनिश्चित करें। उपकेंद्र के कर्मचारियों से भी वार्ता की। बोले कि उपकरणों की नियमित जांच की जाए, ताकि पहले ही गड़बड़ी को पकड़ा जा सके। इसके बाद उन्होंने तेलियरगंज स्थित कोल्ड स्टोरेज में लगे मीटर की जांच की। कोल्ड स्टोरेज में कितना लोड है, इसे भी परखा। इसके बाद सिविल लाइंस में शापिंग काम्प्लेक्स में भी पहुंचकर जांच पड़ताल की।

**जिन बड़े बकाएदारों ने तीन माह से नहीं किया बिजली बिल भुगतान उनका काट दें कनेक्शन :** अधिकारियों से कहा कि जिन बड़े बकाएदारों ने तीन माह से बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया है, उनका तत्काल कनेक्शन काटा जाए। इसकी पूरी रिपोर्ट प्रतिदिन दी जाए। इस दौरान मुख्य अभियंता विनोद गंगवार, अधीक्षण अभियंता आरके सिंह, विनोद कुमार, अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता, अनूप सिन्हा, मनोज अग्रवाल आदि रहे।

### एन सी आर ई एस के शाखा मंत्री के विरुद्ध सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट एस सी एस टी एक्ट का मुकदमा दर्ज, शाखामंत्री फरार

**प्रयागराज।** विगत 22 अप्रैल को को-ऑपरेटिव बैंक के चुनाव के दिन ठउफ्एर का शाखामंत्री रुक्मानंद पाण्डेय ने को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक को गाली गलौज देते हुए मारने के लिए जूता निकल लिया और जाति सूचक गली देते हुए मारपीट भी किया यहां तक कि जान से मारने के लिए धमकी देते हुए पिस्टल निकल लिया और पैसा भी छीन लिया, भीड़ इक्क्ठा होने पर वहां से निकल गया । शाखा प्रबंधक ने सिविल लाइन थाने में 147, 306, 323, 504, 506, क्ढउ 392, 325अ, रउ, रळ एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया है । पुलिस रुक्मानंद पाण्डेय को ढूंढ रही है, दबिस दे रही है लेकिन रुक्मानंद फरार है।

# विशेषज्ञों ने फॉरेंसिक्स से जुड़ी बारीकियां को समझाया

## शुआट्स व्याख्यान :





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** शुआट्स में सोमवार को फॉरेंसिक साइंस विभाग की ओर से फॉरेंसिक्स से जुड़े अहम विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ पूनम प्रकाश की अगवाई में की गई और इसके मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार राय, एमडी, एसोसिएट प्रोफेसर, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग, एमएलएन मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज तथा श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, साइंटिफिक ऑफिसर, फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला, प्रयागराज रहे। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ राय ने श्वासावरोध अथवा एस्फिक्शियल डेथ और फॉरेंसिक परिदृश में उसकी महत्ता के बारे में मौजूदा विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने दम घुटने से होने वाली मौतों के कारण, जैसे चोकिंग, डूबना, फांसी इत्यादि की विस्तृत चर्चा की पोस्टमार्टम से मिलने वाली जानकारियों को साझा किया जिसमें मृत्यु का कारण, समय, प्रकार एवं मृत्युस्थल की जानकारी प्रमुख रही। दूसरे व्याख्यान में श्री पाण्डेय ने फॉरेंसिक केमिस्ट्री एवं समसामयिक मुद्दों पर सविस्तार चर्चा की। विषयवार अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने शराब और नशीले एवं मादक पदार्थों के सेवन और विश्लेषण पर फॉरेंसिक्स के संदर्भ में व्याख्यान दिया। उन्होंने फिलहाल जो मादक पदार्थ चलन में हैं, उनकी जानकारी दी और शराबखोरी एवं प्रतिबंधित दवाओं और पदार्थों से जुड़े कानून भी समझाए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा फॉरेंसिक्स से जुड़ी बारीकियां समझाना एवं समसामयिक विषयों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम के दौरान रॅ४३२ के प्रोफेसर्स डॉ मुनीश कुमार मिश्रा, डॉ लव केशरवानी एवं डॉ वैभव शरण मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथिगणों को विभागाध्यक्ष द्वारा मोमेंटो भेंट किया गया।

# गंगापार के बाद जमुनापार में भी हत्याओं का सिलसिला

## घर के बाहर सो रही महिला की धारदार हथियार से हत्या,पति ने रपट में हत्यारों के नाम की जताई आशंका

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** यमुनापार में सोमवार को एक और हत्या हो गई। यमुनापार के कोरांव थाना क्षेत्र के बलुहा गांव में रविवार देर रात सनसनीखेज घटना हुई। घर के बाहर परिवार के साथ सो रही 45 वर्षीया श्यामकली पत्नी देवी प्रसाद मिश्र की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई। आश्चर्य की बात यह है कि वहीं पर सो रहे परिवार के सदस्यों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सोमवार सुबह कोरांव पुलिस के साथ ही फोरेंसिंक टीम और डाग स्क्वायड मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने मृतका के घरवालों से बातचीत की, लेकिन वह कुछ नहीं बता सके। अगल-बगल चारपाई पर सो रहे लोगों को हत?या की जानकारी सुबह हुई : कोरांव थाना क्षेत्र के भलुहा गांव निवासी देवी प्रसाद मिश्र का परिवार रविवार देर रात बिजली न होने के कारण घर के बाहर सो रहा था। उनकी पत्नी



महिला की हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी का दृश्य

श्यामकली, दो बेटियां और देवी प्रसाद अलग-अलग चारपाई पर लेटे थे। देर रात किसी ने श्यामकली के सिर पर धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। सोमवार भोर में बेटियां उठीं तो मां की खून से लथपथ लाश देखकर चिल्लाने लगीं। देवी प्रसाद भी उठ गए। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। फारेंसिक टीम को अंगुलियों के मिले निशान किसी की समझ में नहीं आया कि आखिर यह सब कैसे हो गया। कुछ ही देर में कोरांव पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारी भी आ गए। घटनास्थल की जांच पड़ताल की गई। देवी प्रसाद मिश्र और उनकी बेटियों से बातचीत की गई, लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। किसी से रंजिश से भी इंकार किया। इसके बाद फोरेंसिंक टीम और डाग स्क्वायड को बुलाया गया। फोरेंसिंक टीम को कुछ अंगुलियों के निशान यहां से मिले हैं, जबकि डाग स्क्वायड घटनास्थल से गांव के बाहर ही तरफ आकर रुक गया। कोरांव पुलिस सर्विलांस टीम की ले रही मदद :* कोरांव पुलिस का कहना है कि किसने और किन कारणों से घटना की, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है। दो-तीन लोग संदेह के घेरे में आए है, उनके बारे में पता लगाया जा रहा है। सर्विलांस टीम की भी मदद ली जा रही है। मृतका के स्वजनों के पास जो मोबाइल नंबर है, उसकी भी छानबीन हो रही है।

### छोटी घटनाओं को नजरंदाज करने से बढ़ रही घटनाएं

दरअसल घटनाएं चाहे चोटी हो बड़ी हो यदि उसी समय कार्यवाही हो जाए तो बड़ी घटना पर अंकुश लग सकता है। ज्यादा मामले तहसील राजस्व अफसरों कर्मियों की स्वार्थ परक कार्यप्रणाली से घट रही हैं। पुलिस विभाग तो अपने पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही कर देता है किंतु एसडीएम तहसीलदार कानूनगो लेखपाल के खिलाफ क्यों नहीं कार्यवाही की जाती। क्योंकि इन्ही लोगों की बदौलत गलत नाप पैमाइस जांच में मनमानी कार्यवाहियों से कई विवाद उपरान्त हत्याएं फौजदारी बलवा मारपीट आदि की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। और राजस्व कर्मी ।माल ऐंठ कर मलाई काटते दिख रहे हैं। इस पर सासन को संज्ञान में लिया जाना चाहिए।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहायता समूह की हुई बैठक संपन्न



**रत्योंरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के सिरावल गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समूहों की गतिविधियों तथा उनके उन्नयन आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समूह से जुड़ी महिलाएं कैसे विकसित होंगी आदि विषय पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित रहीं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष संतोष कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। खुद अपने परिवार का भरण पोषण कर उनके रहन-सहन में बदलाव आ रहा है। निश्चित तौर पर गांवो से गरीबी दूर करने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। बैठक में समूहों के गतिविधियों पर चर्चा की गई आगे समूहों का विकास कैसे होगा, किस तरह के सृजनात्मक और रचनात्मक कार्य कर सकेंगे। आदि के बारे में जानकारियां दी गईं। बैठक में उपस्थित रहे ग्राम प्रधान सिरावल के द्वारा समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि निश्चित तौर पर सरकार की ओर से समूहों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का पारदर्शी रूप से क्रियान्वयन कराया जाएगा। प्रत्येक लाभ से महिलाएं लाभान्वित होंगी। किसी भी प्रकार से बिचौलिए या किसी भी दलाल के द्वारा किसी भी प्रकार का शोषण नहीं किया जा सकता है। बैठक में ग्राम प्रधान व महिला नेत्री के अलावा भारी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### पेड़ खत्म, जीवन खत्म : डा. व्योम नाथ पाठक



**जसरा।** वृक्ष हमारे जीवन एवम संस्कृति का प्रमुख हिस्सा हैं बिना पेड़ो के जीवन संभव नहीं हैं। वर्तमान समय में विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ो को काटा जा रहा हैं किन्तु दुर्भाग्य इस बात का हैं कि नये पेड़ो को उस ढंग से लगाया नहीं जा रहा हैं जिससे निकट भविष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा होने वाला हैं जिसकी भरपाई करना संभव नहीं हैं उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन के सचिव डा. व्योम नाथ पाठक ने सोमवार को जसरा एवम चाका के विभिन्न विद्यालयों में आम, पीपल, चीकू आदि के पौधे भेंट करने साथ विद्यालय के छात्र एवम छात्राओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण भी किये। इस अवसर पर उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोले कि अप्रैल के अंत तक उनके संस्थान द्वारा पटेल नगर, घटवा, नौगवाँ, पटेल पौधशाला घूरपुर, लालगोपालगंज आदि प्रमुख स्थानों पर सोलर भेंट किया जाएगा जिससे काफी हद तक बिजली एवम पेयजल, सिचाई आदि समस्याओ को दूर किया जा सकता हैं। इस अवसर पर संस्था के उपसचिव नारेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों से पौधों में नियमित पानी एवम रखरखाव की भी अपील किये। महक, खुशी, गरिमा, पायल, ओजस्वी, छाया आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

### 112नंबर की गाड़ी पेड़ से टकराई,दो पुलिस कर्मी घायल



**लेडियारी।** मेजा सर्किल छेत्र में खीरी थाना रेंज में चलने वाली 112नंबर की पीआरवी 104वीं गाड़ी अचानक सोमवार को दोपहर खीरी थाना क्षेत्र के इटवा पुल के पास महुआ के पेड़ से बुरी तरह से टकरा गई।जिसमे ड्राइवर लालता प्रसाद द्विवेदी समेत सवार हेड कांस्टेबल राम जनम घायल हो गए।जिसमे घायल ड्राइवर को परिवार के लोग निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे है।वही हेड कांस्टेबल का इलाज कोरांव में सरकारी अस्पताल में करवाया जा रहा है। गाड़ी शिंकी खूंटा में आग लगने की सूचना पर खीरी थाना से जा रही थी।जैसे ही गाड़ी इटवा नदी पुल से आगे बढ़ी तो अचानक गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गई। उसी समय सड़क पर जानवर भी दौड़ रहे थे। जिसे बचाने के चक्कर में गाड़ी महुआ के पेड़ से बुरी तरह से टकरा गई जिससे गाड़ी में सवार दोनो पुलिस कर्मी घायल हो गए जिनका इलाज जारी है।

### ग्राम प्रधान व सचिव के सम्मानित होने पर लोगों में खुशी



**सहसों।** शासन द्वारा गांव के विकास के साथ गांव की सूरत बदलने एवं तालाबों का संरक्षण कर गांव के विकास में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ गांव की स्वच्छता पर जिला पंचायत में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर रविवार को ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव को सम्मानित किया गया। इस दौरान विकासखंड सहसों के ग्राम पंचायत मनापुर उर्फ बगई कलां के ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह एवं ग्राम पंचायत सचिव आसमा सिंह को मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी, फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल एवं जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिस पर क्षेत्र के समाज सेवी शिवनारायण सिंह गप्पू , पिंटू दुबे, दिनेश कुमार शुक्ला, पुष्कर सिंह, जय कृष्ण पाण्डे, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा सहित आदि लोगों में खुशी का माहौल है।

### नगर निगम एसोसिएशन कर्मचारी यूनियन चुनाव संपन्न



**प्रयागराज।** सोमवार को महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी द्वारा नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन प्रयागराज के कर्मचारी यूनियन का चुनाव अपनी देखरेख में संपन्न कराया! चुनाव के समय नगर निगम के सभी कर्मचारियों के अतिरिक्त श्री राजेंद्र पालीवाल उप संरक्षक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे संरक्षक एवं उन संरक्षक की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया कराई गई! जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया 13 वर्षों बाद चुनाव कराया गया उक्त चुनाव मेअध्यक्ष श्री मनोज श्रीवास्तव। महामंत्री अरविंद कुमार त्रिपाठी व मंत्री रोमिंग पालीवाल के अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों के पदों का चुनाव हुआ।

## खबर संक्षेप

### सरायममरेज पुलिस टीम ने किया आम जनमानस का साइबर फ्राड करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार

**जंघई।** पुलिस के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत चौकी इंचार्ज जंघई राजकुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर अळट बदलकर फ्राड करने वाले दो अभियुक्तों को जिसमें सचिन कुमार पांडेय पुत्र गणेश चंद्र पांडेय निवासी अमौरा कपिसान पोस्ट बमैला प्रयागराज एवं हरिशंकर पुत्र महेन्द्र सिंह चौहान निवासी गनेशीपुर, खपटिहा प्रयागराज को बैंक आफ बड़ौदा एटीएम जंघई से गिरफ्तार कर-के विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।यह दोनों अभियुक्त भोले भाले लोगों की एटीएम मशीन पर मदद करने के बहाने एटीम कार्ड बदलकर एवं कोड जानकर दूसरे स्थानों पर लोगों का एटीएम मशीन से पैसा निकाल लेते थे। पुलिस टीम में प्रशिक्षु उपनिरीक्षक ओमप्रकाश, कांस्टेबल रविकांत गौतम, कांस्टेबल राकेश शाह मौजूद रहे।

# सीएम के नामों को लेकर दाखिल जनहित याचिका खारिज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता पर ही एक लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही याचिका भी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा है कि याची को छह हफ्ते के भीतर जुर्माने की राशि जमा करनी होगी। यह रकम प्रयागराज के जवाहरलाल नेहरू रोड के विकलांग आश्रम में जमा करनी है। यह आदेश चीफ जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने दिल्ली निवासी नमहा की ओर से दाखिल जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिया है। याची ने याचिका दाखिल करके कोर्ट से मांग की थी कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कई नाम लिखे जाते हैं। इस वजह से प्रदेश की 32 करोड़ जनता के बीच संशय बना रहता है। चुनाव में नामांकन के समय आदित्यनाथ पुत्र अवेद्यनाथ लिखा गया, जबकि मुख्य सचिव के ट्विटर हैंडल पर महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज लिखा है। कहा गया कि कहीं अजय सिंह बिष्ट तो कहीं आदित्यनाथ योगी। इस प्रकार कई नामों की वजह से जनता के बीच नामों को लेकर दुविधा की स्थिति बनी रहती है। मांग की गई थी कि हाईकोर्ट यूपी सरकार को सही नाम ही लिखने का निर्देश जारी करे।

### सरकारी वकील ने कहा सस्ती लोकप्रियता के लिए दाखिल की गई है याचिका

सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता की तरफ से कहा गया कि जनहित याचिका बेमतलब है। बहस की गई कि आदित्यनाथ को प्राइवेट कैपेसिटी से पक्षकार बनाया गया है। इस कारण किसी प्राइवेट व्यक्ति के खिलाफ जनहित याचिका पोषणीय नहीं है। कहा गया याची ने हाईकोर्ट रूल्स के मुताबिक अपना क्रेडेंशियल्स स्पष्ट नहीं किया है। इस कारण भी याचिका खारिज किए जाने योग्य है। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा की याची ने सस्ती लोकप्रियता के उद्देश्य से जनहित याचिका दाखिल की है। इस कारण यह खारिज किए जाने योग्य है। याचिका में योगी आदित्यनाथ के अलावा चुनाव आयोग भारत सरकार, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को भी पक्षकार बनाया गया था।

## एडीजी आफिस पर पट्टाधारक बैठे अनशन पर

**पीड़ितो ने डीएम से लगाई गुहार डीएम ने लिया संज्ञान मामले को एसडीएम को सौंपा**



**प्रयागराज।** थाना करछना के अन्तर्गत मौजा खाई के एक दर्जन से अधिक दलित परिवार अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज के कार्यालय के समक्ष सोमवार को सुबह 10 बजे से अपनी मांगों के समर्थन में आमरण अनशन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन उनके प्रार्थना पत्र लेकर जिलाधिकारी के यहां अपनी बात रखने को कहा। गौरतलब है कि मौजा खाई की आराजी संख्या 1226 रकबा 0.3150 हेक्टे. पीड़ित परिवार के आठ लोगो को भूमि प्रबन्ध समिति द्वारा 2005 में कृषि कार्य हेतु पट्टा आवण्टित किया गया था। अनशन पर बैठे जीवनलाल व अन्य पट्टाधारियों का कहना है कि 02 नवम्बर 2021 को गांव के ही सामंतो द्वारा पट्टे की जमीन पर जबरन जोताई बोवाई करने लगे विरोध करने पर दबंगो द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए प्रार्थीगणो को जातीय आधार पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया। पीड़ित जीवनलाल का कहना है कि तब से लगातार पट्टे की जमीन पर हुए अबैध कब्जे को हटाने की मांग की जाती रही परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हल्का लेखपाल सुनील कुमार ने बताया कि मौजा खाई की आराजी संख्या 1226 परती है अभिलेखों का परीक्षण करने पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। एडीजी आफिस पर चल रहे अनशन कर रहे पीड़ितों को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के समझाने पर अनशनकारी जिलाधिकारी से मिले और प्रत्यावेदन देते हुये गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये एसडीएम करछना को समुचित कार्यवाही के लिए संदर्भित कर दिया। देखना यह होगा कि इन दलितों को न्याय कब मिलता है। जिलाधिकारी से मिलने वालो में जीवन लाल, प्रेमशंकर, अमृतलाल, सुरजन, राममनी, रामशंकर, लालबाबू, राजमणि, गुलाबकाली, सावित्री देवी, रामप्यारे, ननकई, दिब्या आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में महिला समेत चार घायल, दो की हालत नाजुक जिला अस्पताल रीफर



**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनवरिया गांव के सामने पचदेवरा गौहनिया मार्ग पर दो बाइकों में आमने सामने भिड़ंत होने से महिला समेत चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिले के अस्पताल में रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कौंधियारा क्षेत्र के कूंआ अकोढा गांव निवासी विजय शंकर शर्मा 28 पुत्र स्वर्गीय रामरक्षा शर्मा ने सोमवार सुबह 9 बजे के करीब पत्नी प्रीति शर्मा 26 वर्ष को मोटरसाइकिल से बैठा कर लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला गौहानी गांव में मिट्टी में शामिल होने के लिए जा रहा था। अभी वह पनवरिया गांव के सामने पहुंचा था कि उसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहा दूसरा बाइक चालक ने सामने से आ रहा बाइक में जोरदार टक्कर मार। हादसे में चार लोग घायल हो गए।सूचना होने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना भेज दिया गया । जिसमें विजय शंकर शर्मा व प्रीति शर्मा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिले के अस्पताल में रेफर कर दिया।

### हजार लीटर पानी बचाने का पतविंदर ने लिया संकल्प'



**नैनी।** नैनी क्षेत्र सहित आसपास के मोहल्ले एवं गांव में पिछले कई दिनों से बचाओ, बचाओ,बचाओ की आवाज सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए तो देखा कि एक सरदार जी अपनी साइकिल के साथ सड़क पर खड़े होकर चिल्ला-चिल्ला कर बचाओ-बचाओ दहाड़ रहे हैं लोगों ने पूछा कि आप क्यों चिल्ला रहे हैं क्या हुआ,क्या परेशानी है इस पर सरदार जी ने कहा कि पानी बचाओ,पानी बचाओ, पानी बचाओ इस बहते हुए बहुमूल्य जल को सुरक्षित करो इसके बाद उन्होंने स्वयं ही उस बहते हुए पानी को बंद कर उसमें रबड़,टूटी लगाते हैं और लोगों को यह संदेश देते हैं कि पानी अमूल्य है इसे बचाए इसके बाद सब का धन्यवाद बोल कर अपनी साइकिल से अगले पड़ाव की ओर निकल पड़ते हैं 'यह अभियान भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने चलाया है। उन्होंने प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बचाने का संकल्प लिया है वे इस अभियान में अपनी साइकिल से चिलचिलाती धूप में निकल जाते हैं और जहां कहीं भी पाइप से बहता हुआ पानी देखते हैं चिल्ला-चिल्ला कर बचाओ-बचाओ का नारा लगाते हैं लोगों से कहते हैं कि पानी बचाओ-पानी बचाओ इस सामाजिक कार्य के अभियान की सभी लोग प्रशंसा करते हुए एक अच्छा सराहनीय कदम बताया।

### श्रेया त्रिपाठी का चयन जूनियर इंडिया वॉलीबाल कैंप में



**मेजा रोड।** जनपद प्रयागराज की बालिका वालीबाल खिलाड़ी श्रेया त्रिपाठी का चयन जूनियर इंडिया वॉलीबाल कैंप के प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। प्रशिक्षण के पश्चात पुनः ट्रायल होगा,खेल प्रदर्शन(मेरिट) के आधार पर भारतीय बालिका टीम का चयन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वालीबॉल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि भारतीय जूनियर (अंडर-18) बालिका वालीबॉल टीम का कोचिंग कैंप दिनांक 24 अप्रैल से किट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर,उड़ीसा में चल रहा है। कैम्प हेतु उत्तर प्रदेश राज्य से दो बालिका खिलाड़यों का चयन किया गया है। जिसमें से एक गोरखपुर और दूसरी प्रयागराज की बेटी श्रेया त्रिपाठी का चयन हुआ है। उपरोक्त प्रशिक्षण शिविर के पश्चात अंतिम चयन/ट्रायल होगा,जिसमें भारतीय जूनियर (अंडर-18) बालिका वालीबॉल टीम चयनित होगी। अंतिम रूप से चयनित भारतीय जूनियर बालिका वालीबॉल टीम ताशकंन्त,उज्बेकिस्तान में आयोजित 14वीं एशियन बालिका (अंडर-18) वॉलीबाल चैम्पियनशिप " में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रयागराज की बेटी श्रेया त्रिपाठी का चयन इंडिया कैम्प हेतु किये जाने पर जिला वॉलीबाल संघ के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है। श्रेया त्रिपाठी का चयन इंडिया कैम्प में होने पर जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात राय, चेयरमैन जार्डन.एच. नाथ, बी.एच.जैदी, सी.पी.मिश्रा, पंकज शुक्ला, प्रमोद राय, के.बी.एल.श्रीवास्तव, अल्ताफ अली, फूलचंद गुप्ता, विजया सिंह, प्रभाकर चौबे, बैजनाथ त्रिपाठी, रामाश्रय राय, सुरेन्द्र यादव, नीरज श्रीवास्तव, म्योहाल प्रभारी संदीप गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, निहारिका यादव, के.पी.सिंह, कुशलकान्त मिश्रा, बर्फी लाल यादव, मो.यूनुस व आशीष कन्नौजिया आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उपरोक्त चयनित खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाइयां दी है।

### मुसलमानों के मुद्दों पर अखिलेश की चुप्पी से नाराज मुस्लिम विधायकों को सदन में अलग दल बना लेना चाहिए : शाहनवाज आलम



**प्रयागराज।** सोमवार को इलाहाबाद आए अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शाहनवाज आलम शहर अध्यक्ष अरशद अली के साथ कारकर्ताओ के साथ एक बैठक की और 2024 के लोकसभा चुनावों की राजनीति पर चर्चा करते हुए एक प्रेस रिलीज जारी की जिसने उन्होने कहा कांग्रेस हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जिसके साथ अन्याय हो रहा है। हम पीड़ित का जाति-धर्म या पार्टी नहीं देखते। इसी सिद्धांत के तहत कांग्रेस आजम खान से भी सहानुभूति रखती है। ये बातें अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहीं। शाहनवाज आलम ने शिवपाल यादव के उस बयान से सहमति जताई है जिसमें उन्होंने कहा था की आजम खान को छुड़ाने के लिए मुलायम सिंह ने संसद में आवाज नहीं उठाई और ना ही सपा ने कोई आंदोलन चलाया। शाहनवाज आलम ने कहा कि नोएडा विकास प्राधिकरण घोटाले में राम गोपाल यादव को जेल जाने सी बचाने के एवज में अखिलेश और मुलायम सिंह यादव ने भाजपा से डील के तहत आजम खान को जेल भिजवाया है। इसीलिये सपा आजम के लिए आवाज नहीं उठाती क्योंकि ऐसा करने पर भ्रष्टाचार में डूबे पूरे परिवार को जेल जाना पड़ सकता है। शाहनवाज आलम ने कहा कि इसी दबाव के चलते अखिलेश यादव ने देश भर में हो रहे मुस्लिम विरोधी हिंसा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों द्वारा जारी संयुक्त बयान पर भी हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। शाहनवाज आलम ने सपा के 32 मुस्लिम विधायकों को सदन में अलग दल बना लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिमों के 90 फीसदी वोट पाने के बावजूद अखिलेश मुस्लिम विरोधी हिंसा पर चुप हैं, यहाँ तक कि अपने मुस्लिम विधायकों आजम खान, शहजिल इस्लाम और नाहिद हसन तक के उत्पीड़न का विरोध नहीं कर पा रहे हैं तो फिर मुस्लिम विधायकों का सपा में बने रहने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि सपा के कुल 111 विधायक हैं और विधान सभा में सपा में विभाजन के लिए एक तिहाई यानी 37 विधायक चाहिएं जबकि अकेले मुस्लिम विधायकों की संख्या ही 32 है।

# थरवई कांड को लेकर सियासी दलों में रहा उबाल, कैंडल मार्च लेकर निकले कांग्रेसी

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी की अगुवाई में जुटे स्थानीय लोगो ने कैंडल जलाकर घटना पर दुख प्रकट किया। वहीं पुलिस की लापरवाही पर आक्रोश भी जताया गया। साथ ही मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। थरवई हत्याकांड को लेकर सियासी उबाल सोमवार को भी देखा गया। कांग्रेस की ओर से रसूलाबाद स्थित महादेवी वर्मा पार्क के बाहर जुटे कांग्रेसियो ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। मुकुन्द तिवारी ने कहा कि लगातार हो रही सामूहिक हत्याओं के बाद माहौल ऐसा बन गया है कि जनपद के लोग अपने घर में भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद प्रदेश में अपराधों की बाढ़ आ गई है। रोज कुछ न कुछ क्राइम की खबरें जिले से सामने आ रही है। जिसपर अंकुश लगाने में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। कांग्रेसियो ने दोषियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी और जिले में बढ़ते क्राइम ग्राफ को नियंत्रण करने की मांग की। इस दौरानः मुकुन्द तिवारी, हसीब अहमद, शिवमूर्ति, जलकेसरी, गोपाल भारतीय, छोटेलाल तिवारी, संतोष अग्रवाल, रमाशंकर मिश्रा, विजय तिवारी, अंकित कुशवाहा, संदीप शर्मा, जीतू निषाद, पिंटू निषाद, त्रिलोकी खत्री समेत आदि लोग मौजूद रहे।



हत्या के विरोध में कांग्रेस का कैंडिल मार्च

# साहित्य महोत्सव में सम्मानित हुईं तमिल विदुषी डॉ. सेल्वी

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** साहित्य संवर्धन संस्थान प्रयागराज के तत्वावधान में विकास खंड परिसर के सभागार में विशाल साहित्य समारोह संपन्न हुआ। समारोह में अनेक साहित्यिक सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान परिषद प्रधानमंत्री डॉ.शिव गोपाल मिश्र तथा अध्यक्षता संत सत्यानंद त्यागी ने किया।कार्यक्रम में चेन्नई से आयीं साहित्यकार डॉ० यादवर सी सेल्वी की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। यहां उनके द्वारा अनुदित कथाकार विजय चितौरी के कहानी संग्रह ' गंजेड़ियन तारा के तमिल अनुवाद 'कन्निका दानम' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ० सेल्वी को संस्थान का प्रतिष्ठित डा०एम गोविन्द राजन भाषा सेतु सम्मान प्रदान किया गया। उक्त के अतिरिक्त यहां जी आर प्रजापति साहित्य सम्मान पंडित हरीराम द्विवेदी (वाराणसी), शालिग्राम साहब स्मृति कबीर सम्मान संत दीनेंद्र दास साहब (छत्तीसगढ़) तथा जुमई खां आजाद अवधी सम्मान श्री अनीस देहाती (प्रतापगढ़ )को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संत सत्यानंद त्यागी की पुस्तक 'कबीर सबसे ज्यादा प्रासंगिक क्यों ?' तथा बाल पत्रिका 'बच्चों की प्यारी बगिया ' के नवीनतम अंक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ०दयाराम मौर्य चेन्नई से पधारे डा. एम गोविंद राजन, वाराणसी से श्री अशोक आनंद के अलावा मध्य प्रदेश रीवां से पधारे साहित्यकार सुधा कांत मिश्र बेलाला व रामलखन गुप्त, प्रतापगढ़ से भानु प्रताप सिंह तथा चंद्र भानु त्रिपाठी शास्त्री के साथ ही डॉ .अर्चना पांडे ,डॉ .दुर्गेश नंदिनी डा.रूपाली मिश्र अरविंद पांडे तथा स्थानीय साहित्यकार डॉ अमरनाथ सिंह बेचन लाल विनोदी सबरेज अहमद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी तथा वर्मी कंपोस्ट प्रदर्शनी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। उपस्थित लोगों का सुरेन्द्र कुमार केसरवानी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत शंकरलाल मजूर तथा कार्यक्रम का संचालन लखन प्रतापगढ़ी ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत बभनकुईयां एवं मनापुर उर्फ बगई कलां में गांव चौपाल आज

**सहसों।** शासन के निदेर्शानुसार हर ग्राम पंचायतों में गांव चौपाल लगाया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में बहादुरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बभनकुईयां एवं विकासखंड सहसों के मनापुर उर्फ बगई कलां ग्राम पंचायत में गांव चौपाल आज लगाया जाएगा। जिसमें ग्राम सचिव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने अपने पोस्टर बैनर के साथ उपस्थित रहेंगे इसमें गांव की समस्याओं के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी होगा। उक्त आशय की जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू ने दिया।

# हेमवती नंदन बहुगुणा की 103 वी जयंती समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड ।** हेमवती नंदन बहुगुणा हिमालय पुत्र थे और उनके हिमालय जैसे इरादे थे। उनके जयंती पर हम उन्हें आज नमन करते हैं।उक्त बातें प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगाप्रसाद मिश्र ने मेजा स्थित वनवासी विकास आश्रम में हेमवती बहुगुणा की 103 वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने जिस प्रकार से काम किया वो आज हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है और हम उसी मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल नेहेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि बहुगुणा जी लोकतांत्रिक मूल्यों के धनी, दूरदर्शी राजनेता, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भी रहे।उन्होंने हिमालय पुत्र हेमवती नन्दन बहुगुणा जी की जयंती पर शत्-शत नमन करते हुए हेमवती नंदन बहुगुणा के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर त्रिपाठी उर्फ गांधी ने बताया कि उनका जन्म 25 अप्रैल 1919 में उत्तराखंड के बुघाणी गांव में हुआ था, जो की पौड़ी जिले में स्थित है। छात्र जीवन में ही बहुगुणा जी भारत के द्वीतीय प्रधानमंत्री के सम्पर्क में आए और भारतीय राजनीती से प्रेरित हो गये। उस दौरान उन्होंने कई छात्र आन्दोलन में भी हिस्सा लिया और गिरफ्तार भी हुए, लेकिन आगे चल कर वो कांग्रेस पार्टी की तरफ से उत्तरप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री भी बने।उन्होंने बताया कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी से मतभेद होने के कारण इन्होंने मुख्यमंत्री और कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।वे बात के बहुत धनी थे।इस कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने बहुगुणा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी के करीबी वयोवृद्ध वीरेंद्र तिवारी और संचालन आयोजक वनवासी विकास आश्रम के मंत्री अशोक द्विवेदी ने किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल मंत्री मेजा संजय तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, रामजी यादव, राजेंद्र यादव, अतुल द्विवेदी, सूरज शुक्ला, धर्मवीर विंद, देवकर पांडे, राहुल मिश्रा, गुलाब चंद्र मिश्र, विनोद कुमार, अफाक अहमद, राम राजपाल, दीपक पटेल, पवन शुक्ला, राम मणि सिंह, विंध्यवासिनी यादव, गिरजा द्विवेदी और बहुगुणा स्मृति समिति के ब्लाक अध्यक्ष राकेश द्विवेदी समेत भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

### उत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने जंघई स्टेशन का किया निरीक्षण

**जंघई।** उत्तर रेलवे महाप्रबंधक नई दिल्ली आशुतोष गंगल ने जंघई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यो मे देरी के कारण नाराजगी जताई काम मे तेजी लाने का निर्देश दिया।विशेष सैलून से प्लेटफॉर्म तीन पर जंघई पहुंचने के बाद निमार्णाधीन प्लेटफार्म नम्बर एक तथा स्टेशन कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद नवनिर्मित पावर केबिन का निरीक्षण किया इस दौरान जंघई स्टेशन के सुन्दरीकरण का कार्य धीमा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने साथ आये अन्य अधिकारियों को कार्य मे तेजी लाने का निर्देश भी दिया। बता दें तीन साल पहले जंघई स्टेशन पर सुन्दरीकरण का कार्य शुरू हुआ है पर कर्मचारियों की तीन बिल्डिंग व इलेक्ट्रॉनिक भवन व ट्रेन रेपेरिंग यार्ड ही बन पाया है। जबकी प्लेटफार्म नम्बर एक दो तीन चार पांच नया बनना है पावर केबिन बननी है स्टेशन के मेन गेट पर पोर्टिको व बिल्डिंग बननी है ओवर ब्रिज बनना है। सकुर्लेटिंग एरिया का सौन्दर्यीकरण होना है जिसका काम अभी धीमा है जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। स्टेशन अधीक्षक कार्यालय का भी निरीक्षण करके जरुरी जानकारी महाप्रबंधक ने प्राप्त की। उनके साथ डीआरएम लखनऊ सुरेश कुमार सपरा, सिनीयर डीसीएम, आरपीएफ कमान्डेन्ट अभिषेक सहित स्टेशन अधीक्षक वकील सिह आरपीएफ इन्स्पेक्टर हुकुम सिह मौजूद रहे।

# जसरा में मनाई गई हेमवती नंदन बहुगुणा की 103वीं जयंती

अखंड भारत संदेश





**जसरा।** मुख्यमंत्री स्व० हेमवती नंदन बहुगुणा ने जहां बारा क्षेत्र को नहर बिजली का सौगात दिया वहीं पर पूरे प्रयागराज यमुनापार को औद्योगिक नगरी के रूप में खड़ा करने का सराहनीय कार्य किया। उक्त बातें हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के जसरा ब्लाक अध्यक्ष आनंद कुमार ने हेमवती नंदन बहुगुणा के 103 वीं जयंती के अवसर पर जसरा बाजार में स्वर्गीय शंभू नाथ गुप्त के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहीं।आनंद कुमार ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा ने बारा में जितने भी नहर बनवाए थे आज तक उसके बाद एक भी नए- नहर का निर्माण नहीं किया गया है। बहुगुणा जी देश के विकास का रास्ता किसान और मजदूर की खेत के पगडंडी से हमेशा देखा करते थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल मिश्रा ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया तथा बहुगुणा जी के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि बहुगुणा जी के मुख्यमंत्री काल में विधानसभा की पहचान पूरे देश में एक विकसित विधानसभा के रूप में किया जाता था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गया प्रसाद त्रिपाठी , कमलेश मिश्रा , विनोद कुमार सिंह,शंकरलाल केसरवानी मधुकर, विश्वेश्वर नाथ मिश्र , आशीष सोनकर, राजेश सोनकर, सचिन श्रीवास्तव, अंकुर केसरवानी , पंडित राम प्रभाकर मिश्र,चंद्रप्रकाश,नितिन केसरवानी, अश्विनी केशरवानी राम बैटरी, राम प्रभाकर मिश्रा , मनोज कुमार शुक्ला , अंकित द्विवेदी , राजन मिश्रा सहित कई दर्जन लोग उपस्थित रहे । उपस्थित लोगों ने बहुगुणा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

### महिला जन जागृति फाउंडेसन ने कराया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**लेडियारी।** केदार नगर खीरी में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ओंकार नाथ केसरवानी की अध्यक्षता में रविवार को महिला जन जागृति फाउंडेशन के तत्वध्यान में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम किया गया जिसमे प्रत्येक सदस्य अपने घर के आस पास एक एक पौधे लगाए,और पर्यावरण संरक्षण के बारे में अपने अपने विचार प्रगट किये। जिसमे मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष ओंकार नाथ केसरवानी ने वक्ताओं कि बातो को सुना और कहा कि हम सब मिलकर पर्यावरण संरक्षण को और बेहतर बनायेगे। संस्था के अध्यक्ष ओंकार नाथ केसरवानी ने कार्यक्रम मे सभी सम्मिलित सदस्यों से कहा कि अगली बैठक 22 मई 2022 को होगी जिसमे सर्व शिक्षा अभियान के तहत जन जन को जागरूक करना हम सब की पहली प्राथमिकता होगी एवं पर्यावरण से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चाएँ भी होंगी । इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम मे सम्मिलित मुख्य रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष ओंकार नाथ केसरवानी एवं जिला पंचायत सदस्य भाजपा व महिला मोर्चा सदस्य श्रीमती कुसुम केसरवानी तथा दिलीप केसरवानी , अशोक गुप्ता ,युवराजकेसरवानी,साक्षी केसरवानी , सोनाक्षी केसरवानी , सम्राट केसरवानी , शुभम केसरवानी, विजय पाल , सुनील , मीना आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# खेवराजपुर का नृशंस हत्याकांड मानव समाज पर कलंक है : शालिनी यादव

**घटना का जल्द पदार्फाश करने के साथ पीड़ितों की आर्थिक मदद करे सरकार**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एक ही घर के बेगुनाह परिवार के सो रहे लोगों की बर्बरतापूर्वक निर्मम हत्या मानव समाज को कलंकित करने वाली घटना है।उक्त कथन वाराणसी की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती शालिनी यादव ने आज खेवराजपुर गांव में पीड़ित परिजनों से मिलने के दौरान कही।उन्होंने कहा कि सरकार के सामने इससे बड़ी कानून व्यवस्था की खुली चुनौती और कोई नहीं हो सकती।इस हत्याकांड में जिस बर्बरता से पत्थर इत्यादि से कूच कूच कर हत्या के साथ छोटी बच्ची व विकलांग युवती के शरीर को बुरी तरह क्षत-विक्षत किया गया,उससे हम सबके कलेजे दहल गए हैं।इससे प्रयागराज की पुलिस की कार्य कुशलता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है,क्योंकि ऐसी घटनाएं यहां कई बार हो चुकी है श्रीमती यादव ने कहा कि शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ कर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो हम सब आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। वरिष्ठ सामाजिक नेता डॉ अंकित यादव ने चेताया कि इस तरह की घटनाएं समाज में भय पैदा कर रही है जिसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए.इसके पहले श्रीमती शालिनी यादव के प्रतिनिधिमंडल ने इस हत्याकांड में परिवार के सदस्य सुनील यादव व उनकी मामी शर्मिला यादव सहित अन्य परिजनों से मिलकर घटनाक्रम की विधिवत जानकारी ली। उन्होंने परिजनों द्वारा न्याय मांगे जाने पर उन्हें घटना के खुलासा का भरोसा देते हुए सरकार से मृतकों के परिजनों को ?50 लाख की आर्थिक सहायता और नौकरी देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती शालिनी यादव के अलावा डॉ अंकित यादव,वीर सिंह यादव, अशर्फी लाल शास्त्री एवं मुन्नालाल यादव सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहें।



सामूहिक हत्या के पीडित परिवार से मिली शालिनी

# मोबाइल विवाद में भाई ने अपनी बहन को गोली से उड़ाया

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव में बीती रात एक भाई ने अपनी सगी बहन की गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना के वक्त बहन ने अपने बचाव के लिए आखरी सांस तक संघर्ष किया, उसे बचाने के लिए उसकी बड़ी बहन और भतीजी ने भी प्रयास किया लेकिन शैतान बन चुके भाई को रोक पाने में सफल नहीं हुई। घटना की सूचना वहां मौजूद बड़ी बहन ने जेठवारा पुलिस को दिया तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया तथा आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जांच प्रारंभ कर दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव में स्वर्गीय रमाकांत शुक्ला के चार बेटों धर्मेंद्र देवेंद्र योगेंद्र और राघवेंद्र तथा चार बेटियों गीता, सुलोचना, मनोरमा और कालिंदी में सबसे छोटी बेटी कालिंदी उर्फ.गुड़िया शुक्ला उम्र करीब (32) वर्ष अविवाहित थी और मायके में अपनी मां विद्या देवी शुक्ला के साथ भाइयों से अलग रह कर अपना गुजर बसर कर रही थी।

## जेठवारा पुलिस ने आरोपी भाई को किया गिरफ्तार



युवती की मौत पर रोते-बिखलते परिजन।

हफ्ते भर पहले कालिंदी का मोबाइल गायब हुआ तो नाम खुलवाया गया, जिसमें मोबाइल चोरी का आरोप मजली भाभी कंचन पत्नी धीरज पर लगा। मोबाइल चोरी को लेकर ननद भाभी में कई दिनों से विवाद हो रहा था। बीती रात करीब दो बजे टेंपो चालक धर्मेंद्र उर्फ धीरज घर आया तो कंचन ने उससे सारी बात बताया। क्रोध में बेकाबू धीरज ने घर के पशु साले से जुड़े कमरे में सो रही कालिंदी पर हमला कर दिया। अपने बचाव में कालिंदी भी धीरज से भिड़ गई तो धीरज ने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। गोली उसके सिर में लगी और उसकी मौत हो गई। शोर सुनकर घर के और लोग उठ कर आए और पुलिस को फोन करके घटना की सूचना दिया। जानकारी मिलते ही जेठवारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मृतका के शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा घर में छुपे धीरज को भी पकड़ लिया। घटना को लेकर आक्रोशित पूरा परिवार धीरज और उसकी पत्नी कंचन पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं फिलहाल मां विद्या देवी की तहरीर पर धीरज के विरुद्ध जेठवारा थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस विस्तृत जांच शुरू कर दिया है।

## हत्या का कारण कहीं सम्पत्ति का विवाद तो नहीं!

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** खून के रिश्ते को तार तार करने वाले भाई व बहन के बीच हप्तों से चल रहे मोबाइल विवाद के साथ माँ के नाम एक बीघे जमीन का विवाद तो नही है।

लोगो की माने तो मृतका गुड़िया चार भाई व चार बहनों में सबसे छोटी थी उसके पिता की मृत्यु तकरीबन एक दशक पूर्व हो गई थी भाई बहनों की शादी होने के बाद वह अभी तक कुँवारी ही थी भाइयो से अलग वह अपनी मां के साथ रहकर जीविकोपार्जन के लिए तीन गायों के साथ मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करती थी। परिजनों ने बताया कि गत सप्ताह वह बहन द्वारा भेंट में दिए गए एंड्राइड मोबाइल को घर मे रखकर गेंहू की कटाई करने चली गयी, वापस आयी तो उसका मोबाइल गायब था उसने काफी खोज बीन किया लेकिन उसका मोबाइल नही मिल सका! तो वह किसी तांत्रिक से नाम खुलवाया तो आरोपी भाई की पत्नी कंचन शुक्ला का नाम खुल गया। इसी बात को लेकर सुबह धीरज की पत्नी व मृतिका गुड़िया से गाली गलौज के साथ विवाद हुआ था। बताते है कि आये दिन भाई बहन के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद चलता रहता था उस पर उसकी मां विद्या शुक्ला बीच बचाव के दौरान अपनी एक बीघे जमीन बेटी के नाम कर देने की धमकी दिया करती थी चचाएं यह भी थी कि मां का यह फैसला आरोपी भाई को नागवार लगती थी। फिलहाल मामला चाहे जो भी हो लेकिन भाई द्वारा सगी बहन की हत्या से हर कोई हतप्रभ है।

# नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हित में संघर्ष का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार मे सोमवार को अधिवक्ताओं द्वारा संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम मे नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने साथियों को अधिवक्ताओं के मान सम्मान के प्रति संघर्ष का भरोसा दिलाया है।

कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने तहसील मे प्रशासनिक प्रबन्धों को विस्तारित कराये जाने के साथ वादकारियों तथा अधिवक्ताओं की जनसुविधाओं मे बढोत्तरी का भी संकल्प जताया। संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष राममोहन सिंह व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने अध्यक्ष अनिल महेश, उपाध्यक्ष सिविल शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी तथा महामंत्री शेष तिवारी, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी आदि को माल्यार्पण एवं प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह को चुनाव समिति के अध्यक्ष रामलगन यादव, संरक्षक कमलेश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह व पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव ने संबोधित करते हुए संघ की एकता पर जोर दिया। इस मौके पर प्रमोद सिंह, राम कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, इरफान अली, विपिन शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, आदि अधिवक्ता रहे।

## पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सम्मानित करते साथी

## मूल्यांकन कार्य में अनुपस्थित परीक्षकों के खिलाफ होगी कार्यवाहीः डीआईओएस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा कापियों के मूल्यांकन कार्य के लिए नियुक्त जो परीक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर अभी तक अनुपस्थित चल रहे हैं, ऐसे परीक्षकों के खिलाफ अपर शिक्षा निदेशक राजकीय तथा जिले की नोडल अफसर डॉ0 अंजना गोयल व डीआईओएस सर्वदानंद ने सख्त चेतावनी जारी की है। डीईओएस ने कहा कि मूल्यांकन केंद्रों से गैरहाजिर चल रहे परीक्षकों का वेतन काटने के साथ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन कार्य से गायब चल रहे शिक्षकों को मेडिकल लीव के अलावां किसी भी प्रकार की छुट्टी देय नहीं है, वो भी सीएमओ द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। बतादें कि इस बार प्रत्येक परीक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जा रही है। इसके अलावा किस परीक्षक ने किस रोल नंबर से किस रोल नबर तक कापियां जांची है इस बात का उल्लेख भी ऑनलाइन किया जा रहा है।

# बच्चों को निशुल्क बांटा गया साबुन, सफाई की सलाह

## संचारी रोग अभियान से जुड़ा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप



बीबीएफजी द्वारा बच्चों को बांटा गया साबुन।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संचारी रोग अभियान के अंतर्गत गांव गिराव में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी द्वारा ग्रामीणों को रोगों के बारे में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में बच्चों को हाथ धोने के लिए निःशुल्क साबुन का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों बच्चों को साफ सफाई से रहने और खानपान के प्रति जागरुक किया गया।

जोगापुर, भंगवा और किना का पुरवा सहित कई गांव में जाकर बच्चों को औषधि वाला साबुन वितरित किया गया। ग्रुप के सहयोगी डाक्टर अनुराग मिश्रा ने कहा कि मौसम बीमारियों वाला चल रहा है। गरमी और लू से बचें। ताजा खाना खाए और स्वच्छ पानी पिए। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सहयोगी टीचर शनि सरोज ने बताया कि बच्चों को साबुन देने का अभियान चलता रहेगा। कार्यक्रम में विरेंद कुमार, दिग्विजय सिंह, अश्वनी केसरवानी, अनीश, वीके तिवारी, ददन, अरूण कांत मिश्रा, अमित तिवारी समेत कई सहयोगियों का सहयोग रहा।

## प्रतिमा अनावरण समारोह में आज आयेगें केन्द्रीय मंत्री व सीएलपी नेता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वीरांगना ऊदा देवी स्मॉरक संस्थान के तत्वाधान मे क्षेत्र के विरसिंहपुर गांव मे आज मंगलवार को होने वाले प्रतिमा अनावरण समारोह मे मध्यान्ह बारह बजे केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर तथा क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शामिल होगीं। इधर केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर सोमवार को एसडीएम अरूण सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने विरसिंहपुर गांव पहुंचकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया।

## उत्पादन सहकारी समिति के गठन हेतु 27 तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि पशु शवच्छेदन औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति के गठन हेतु 2022-23 का लक्ष्य जिला ग्रामोद्योग कार्यालय को प्राप्त हुआ है। नई सहकारी समिति के गठन हेतु ग्राम प्रधान से सदस्यों का फोटो सहित निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, प्रधान से कारीगर होने का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शपथ पत्र, विकास खण्ड के कुल न्याय पंचायतों की संख्या नाम सहित आदि कागजातों की आवश्यकता होगी। विभाग से पंजीकृत सहकारी समितियों को जिला पंचायत से मृत पशुओं के निस्तारण हेतु ठेका वरीयता क्रम में पहले प्रदान किया जाता है। नई सहकारी समिति के गठन हेतु 27 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# एसडीएम ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, गैरहाजिरी पर मांगा स्पष्टीकरण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के दो स्वास्थ्य केन्द्रों तथा एक ब्लाक का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण मे गजराही स्थित सीएचसी एवं लक्ष्मणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में औचक निरीक्षण मे चार स्वास्थ्यकर्मी गैरहाजिर मिले। वहीं औचक निरीक्षण मे पहुंचे एसडीएम ने लक्ष्मणपुर ब्लाक परिसर मे गंदगी देख नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान गजराही मे दो तथा लक्ष्मणपुर मे दो स्वास्थ्यकर्मी गैरहाजिर मिले।

एसडीएम अरूण कुमार सिंह ने सोमवार को गजराही स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को गजराही अस्पताल मे कुछ भी ठीक नही मिला। अस्पताल मे मरीजों के बेड गंदे पाये गये। वहीं एसडीएम को आश्चर्य हुआ कि अस्पताल परिसर मे स्वास्थ्यकर्मी रहा ही नही करते। गजराही अस्पताल मे डाक्टर तो दूर एसडीएम को फार्मासिष्ट तक गैरहाजिर मिले। अस्पताल की चहरदीवारी भी नदारद मिली। वहीं सीएचसी मे मरीजों के उपचार व दवाओं की उपलब्धता के बाबत भी जानकारियां जुटाई। यहां अव्यवस्था का आलम देख एसडीएम मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों पर जमकर बिफरे।

वहीं उन्होनें गजराही सीएचसी मे स्थायी चिकित्साधिकारियों की तैनाती न होने को लेकर एसडीएम ने सीएमओ को पत्र लिखा है। वहीं अनुपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों का एसडीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। लक्ष्मणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे उपस्थिति पंजिका देख एसडीएम का माथा चकरा गया। उपस्थिति पंजिका मे हस्ताक्षर बनाने वाले स्वास्थ्यकर्मी निरीक्षण के दौरान नदारद मिले। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. संदीप सक्सेना ने एसडीएम को दोनों अस्पतालों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के बाबत जानकारियां प्रदान की। वहीं लक्ष्मणपुर ब्लाक मुख्यालय पर भी अचानक एसडीएम पहुंच गये। यहां निरीक्षण के दौरान परिसर मे गंदगी देख उनका पारा चढ़ आया। एसडीएम ने ब्लाक मे ग्रामीण विकास से जुड़ी कई योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अभिलेखों का निरीक्षण किया। प्रभारी बीडीओ सत्यदेव यादव ने उन्हें वांछित सूचनाएं प्रदान की।



सीएचसी गजराही का औचक निरीक्षण करते एसडीएम लालगंज।

# नौनिहालों को गुणवत्ता परक शिक्षा हमारी प्राथमिकताः राजेश

## शत प्रतिशत नामांकन के लिये शिक्षक संकुल की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** शासन के निदेर्शानुसार स्कूल चलो अभियान और स्कूल रेडीनेश कार्यक्रम को गति देने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश से नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव बहादुर मौर्या ने शिक्षक संकुल और ए आर पी की बैठक की।

बी ई ओ मान्यता मौर्या ने कहा कि 6 से 14 वर्ष के बच्चों का गुणवत्ता परक शिक्षा का मौलिक अधिकार है और मुझे विश्वास है कि आप सब गुरुजन आप सब गुरुजन पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ साथ ग्राम प्रधान प्रबंध समिति और गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग लेकर अभिभावकों को प्रेरित करके शत प्रतिशत नमाकन शासन द्वारा निर्धारित 20 प्रतिशत नामांकन से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर भारत के भविष्य ननिहालो को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने मे अग्रिम पंक्ति मे रहेंगे। साथ ही कहा कि आप लोगों द्वारा विद्यालय मे नये बच्चों की नामांकन की स्थिति अच्छी है परन्तु पोर्टल पर प्रदर्शित न होने का मुख्य कारण है कि पिछले कक्षाओं से आगे की कक्षा मे जाने वाले छात्रों का सत्यापन तथा किन्हीं कारणों से स्कूल न आने वाले छात्रों को डीलीट की प्रक्रिया धीमी है आप सब सत्यापन और डीलीट जब तक नहीं करेंगे तब तक पोर्टल पर नये छात्रों का रजिस्ट्रेशन नही दिखाई देगा। बैठक का संचालन करते हुए ए आर पी राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक संकुल आज ही अपने विद्यालय में तथा दो दिन मे भ्रमण करके अपने आवंटित विद्यालयों के प्रधानाध्यापको और शिक्षकों का सहयोग कर सत्यापन तथा डीलीट करने का कार्य पूर्ण कर लेगे। ए आर पी वीरेंद्र कुमार ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा बैठक मे शामिल सभी न्यायपंचायत के शिक्षक संकुलो के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक मे विकास क्षेत्र की 13 न्याय पंचायत के 65 शिक्षक संकुलों सहित अधिक संख्या मे प्रधानाध्यापक, अध्यापक, अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा की बढ़ी मुश्किलें

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा से विधानसभा का चुनाव जीते डॉ आर के वर्मा की मुश्किलें बढ़ गई है। पूर्व विधायक धीरज ओझा ने डॉक्यूमेंट फ्रॉड को लेकर हाईकोर्ट लखनऊ में याचिका दायर की जिसको हाईस्कूल ने संज्ञान में लिया है जिसको लेकर डॉ आर के वर्मा समेत सभी प्रत्याशियों को जल्द नोटिस जारी हो सकती है। विधायक डा0 आरके वर्मा पर जन्मतिथि, बैंक बैलेंस, मतदाता सूची समेत कई डाक्यूमेंट को छिपाने का आरोप पूर्व विधायक धीरज ओझा द्वारा लगाया गया है।

## साली ने जीजा पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**परियावां, प्रतापगढ़।** कहावत है कि साली होती है आधी घर वाली और जब साली घर वाली हो जाती है तो फिर जीजा का हाल मत पूछो। अपने बहन के घर आई साली को उसके जीजा ने घर मे अकेले पाकर अपनी हवस का शिकार बना लिया। मामला नवाबगंज थाना के संग्रामपुर गाव का है जहां कुंडा भदरी के मोनट का पुरवा से रविवार को एक युवती अपने बहन के घर संग्रामपुर आयी।

# रोजा इफ्तार में मुल्क की सलामती की मांगी गई दुआ

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रमजान के पाक महीने मे रविवार की शाम रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के खानापट्टी तकिया मस्जिद के समीप हुए इफ्तार मे शामिल अकीदतमंदो ने मुल्क की सलामती की दुआ की।

इफ्तार कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी जय कौशल ने कहा कि रोजेदार को इफ्तार कराना हर आदमी का नेक फर्ज है। कार्यक्रम मे सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज भी शामिल हुये। सह संयोजक राजा शुक्ला ने आभार जताया। इस मौके पर हाजी सिकंदर, सददाम, गब्बर, जुनैद, मंसूर, आबिद, नाजिम, वहीद खां, हैदर खां आदि रहे।



खानापट्टी में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार।

# क्रास केस मे नौ नामजद व अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना मे दोनों पक्षों की ओर से क्रास केस दर्ज किया है। रंजिशन हुई मारपीट मे पुलिस ने गंभीर धाराओं मे रविवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के चैखड़ देवापुर निवासी राजू दुबे की पत्नी वंदना ने दी गई तहरीर मे कहा है कि तेईस अप्रैल को शाम साढ़े चार बजे गांव के संगम लाल के पुत्र राहुल व रामबाबू तथा रामसेवक के पुत्र राजकुमार व सोनू ने दरवाजे पर हमला बोल दिया। आरोपियो ने गाली देते हुए मारपीट की जिसमें सास गुड्डी देवी को गंभीर चोटें आयी। आरोपियो ने शोर मचाने पर पीड़िता के मकान मे आग लगा दिया। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी राहुल समेत चार के खिलाफ मारपीट एवं धमकी तथा आगजनी व नुकसान का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के संगम लाल के पुत्र राहुल दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के संजय व राजू पुत्रगण विन्देश्वरी, मुन्ना एवं विन्देश्वरी पुत्रगण मातादीन तथा गुडडी पत्नी मुन्ना दुबे तथा अज्ञात परिजनों ने लाठी डंडे से मारपीट की। मारपीट मे पीड़ित की मां चुटहिल होकर बेहोश हो गयी। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी संजय समेत पांच नामजद तथा अज्ञात परिजनों के खिलाफ हत्या के प्रयास व बलवा तथा मारपीट व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर घटना मे शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धमकाने का आरोप, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के हिरऊ का पुरवा बेलहा निवासी राममिलन यादव पुत्र रामफकीरे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि बीती तेईस अप्रैल को दस बजे गांव के आरोपी प्रदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह उसके दरवाजे आ धमके। तहरीर मे कहा गया है कि आरोपी ने पीड़ित को धमकाते हुए एक हजार रुपए गुण्डाटैक्स की मांग की। पीड़ित के मना करने पर आरोपी ने उसे गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

## सैलून की दुकान का शटर तोड़कर इन्वर्टर बैटरी चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाजिदपुर टहलू नगर में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने बाजिदपुर निवासी जावेद हेयर आर्ट की दुकान की शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर इन्वर्टर बैटरी व पच्चीस सौ रुपया नकदी चुरा ले गये। दूसरे दिन सोमवार की सुबह जब ग्रामीणों की नजर दुकान पर पड़ी तो ताला टूटा देख हड़कम्प मच गया। मौके पर दुकान मालिक व परिजन लोग भी पहुच गए। सूचना मिलते ही डायल हंड्रेड पुलिस पहुची।

## महिला की पिटाई को लेकर तीन के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट मे महिला की पिटाई को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के सराय भागमानी निवासी आबिद अली की पत्नी रेशमा बानो ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस अप्रैल को रात आठ बजे गांव के नसीम पुत्र लाल मोहम्मद तथा लाल मोहम्मद की पत्नी हसीना बानो एवं मशउलरिशा पुत्री लाल मोहम्मद ने उसके दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने पीड़िता को लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये।

## शिक्षक के ऊपर कालेज जाते समय हुआ जानलेवा हमला

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बूढेब़ाबा गांव के पास कालेज जाते समय एक शिक्षक पर जानलेवा हमला किया गया राजनीतिक विवाद में शिक्षक के ऊपर किया गया जानलेवा हमला बताया जा रहा है। शिक्षक ने खंदक में कूद कर अपनी जान बचाई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो जिंदा कारतूस बरामद बरामद किया है। घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है सूत्रों के अनुसार कुछ दिनों पूर्व शिक्षक अखिलेश शुक्ला निवासी सहजनी तथा विपक्षी के बीच गांव में तालाब की नाप कराने के दौरान मारपीट हुई थी। इसको लेकर कुंडा कोतवाली में दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज हुई है

## खबर संक्षेप

### पुलिस बल ने किया पैदल भ्रमण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में आगामी त्यौहार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कौशाम्बी पुलिस सहित जिले के विभिन्न थाना पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च भ्रमण किया गया और सुरक्षा का एहसास कराया।

### 16 ओवरलोड वाहन सीज

**कौशाम्बी।** ओवरलोड बालू गाड़ियों के खिलाफ प्रशासन का हंटर चल गया है खनन अधिकारी ने ओवरलोड परिवहन करने वाली 16 गाड़ियों को रविवार को सीज कर दिया है मंझनपुर थाना क्षेत्र में 15 और महेवाघाट थाना क्षेत्र में 1 गाड़ी को सीज किया गया प्रशासन की कार्रवाई से अवैध वाहन चालको में हड़कंप मचा दिख रहा है।

### सरकारी जमीनों पर हो रहा कब्जा

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के अफजलपुर बारी गांव की सरकारी जमीनों पर खुलेआम कब्जा हो रहा है जमीन के बगल में होली की जमीन को भी दबंग कब्जा करने में जुटे हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव का रिजवान जमीन पर कब्जा कर रहा है इसी प्रकार गांव में तमाम सरकारी जमीनों पर कब्जा हो चुका है कही सरकारी जमीन पर आरा मशीन लगी है तो कहीं तालाबी नंबरों और खलिहानों पर अवैध कब्जा किया गया है ।कब सरकारी जमीन से कब्जा तहसील कार्यालय खाली कराएगा,गांव में इस बात को लेकर लोगों में आक्रोश ब्याप्त है।

# 79 किलो गांजा के साथ तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्कर गिरफ्तार

## 79 किलोग्राम गांजा अनुमानित मूल्य 08 लाख रुपये किया गया बरामद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले की एसओजी व एनसीबी लखनऊ उत्तर प्रदेश एवं थाना मंझनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 79 किलोग्राम से अधिक गांजा अनुमानित मूल्य लगभग 08 लाख रुपए बरामद किया गया स्वापक नियंत्रण ब्यूरो उत्तर प्रदेश को विगल काफी दिनों से विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश) प्रान्त से कौशाम्बी प्रयागराज चित्रकूट व उसके आस-पास के जनपदों में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बंध में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की विभिन्न इकाईयों टीमों द्वारा अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। अभिसूचना संकलन के दौरान स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ स्थित कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से एक विश्वसनीय सूचना मिली कि एक मारुती स्विफ्ट डिजायर नम्बर यूपी 70 बीके 4692 में तीन लोग सवार होकर भारी मात्रा गांजा विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) से मध्य प्रदेश के रास्ते होते हुये चित्रकूट, गराज (उत्तर प्रदेश) जायेगा। इस सूचना पर आसूचना अधिकारी सुनील कुमार जेआईओ स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ मय टीम व एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह मय टीम व एसटीएफ लखनऊ प्रमोद कुमार वर्मा मय टीम को सूचना से अवगत कराते हुये साथ थाना मझनपुर पुलिस से भी उक्त जब्ती की कार्यवाही में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। संयुक्त निवारक दल द्वारा चित्रकूट प्रयागराज मार्ग स्थित ओसा चौराहा मंझनपुर के पास मारुती स्विफ्ट डिजायर नंबर यूपी 70 बीके 4692 में अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव पुत्र स्व0 मंगला प्रसाद यादव निवासी मोहल्ला पुरानी बाजार थाना शाहगंज जौनपुर शार्दुल विक्रम सिंह पुत्र कृष्णा नन्द सिंह निवासी 96 एलआईजी काटजू की बाग कालोनी थाना कर्नलगंज, प्रयागराज अनिल कुमार सिंह पुत्र स्व0 विनोद कुमार सिंह निवासी 12 बेली रोड़ कटरा प्रयागराज को 04 बोरो में 79 किलोग्राम गांजा बरामद होने पर अभियुक्तो को विरुद्ध कार्यवाही की गई।





पकड़े गए गांजा तस्कर के बारे में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक तथा बरामद गांजा

## न्यूज झरोखा

### उदहिन बुजुर्ग बाजार में स्टेट बैंक की शाखा खोली जाए : अजय सोनी



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने उदहिन बुजुर्ग बाजार में स्टेट बैंक की शाखा खोले जाने की मांग की है। अजय सोनी ने इस संबंध में जिम्मेदारों से तत्काल कार्यवाही करने की अपील की है। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि मेरे द्वारा कई माह पूर्व विकास भवन स्थित एल डी एम कार्यालय मंझनपुर जाकर एक मांगपत्र भी सौंपा गया था, जिसपर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस संबंध में अजय सोनी ने पुनः एल डी एम कौशांबी से जल्द मिलने एवं दुबारा एक लिखित मांगपत्र सौंपने का फैसला किया है। अजय सोनी ने जिला प्रशासन के जिम्मेदारों से भी इस संबंध में उचित ध्यान देने की मांग की है। उदहिन चौराहा पर लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि उदहिन बुजुर्ग बाजार जिले के अंतिम छोर पर स्थित हैं इस क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं का घोर अभाव है और लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। मजबूरन लोग सिराथू, मंझनपुर या पड़ोसी जनपद फतेहपुर के धाता स्थित स्टेट बैंक की शाखा से लेन देन करते हैं। उदहिन बाजार के दुकानदार, सरकारी कर्मचारी, सरकारी अध्यापक और आम जनमानस स्टेट बैंक की जरूरत अरसे से महसूस कर रहे हैं। अगर उदहिन बुजुर्ग बाजार में स्टेट बैंक की शाखा खुल जाए तो निश्चित ही उदहिन बुजुर्ग बाजार एवं स्थानीय गांवों के लोगो को आर्थिक लेनदेन में सहूलियत होगी। जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जल्द ही उदहिन बुजुर्ग बाजार में स्टेट बैंक की शाखा खोले जाने की विभागीय जिम्मेदारों एवं जिला प्रशासन से मांग की है। इस अवसर पर अशोक केसरवानी, राम सुमेर सोनी, जीतू केसरवानी, अरविंद पाल, रमेश सोनकर, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस करें कार्यवाही वरना आंदोलन करेंगे अधिवक्ता



**कौशांबी।** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशांबी के अधिवक्ताओं की एक बैठक 25 अप्रैल को कचहरी परिसर में अध्यक्ष मनुदेव त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि नंदकिशोर अधिवक्ता के साथ अभद्रता मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है पुलिस की भूमिका ठीक नहीं है अधिवक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस 24 घंटे में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करें वरना मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए अधिवक्ता विवश रहेंगे बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता केपी तिवारी के पुत्र के विरुद्ध पुलिस ने फर्जी कार्यवाही की है फर्जी कार्यवाही को पुलिस समाप्त करें अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस ने फर्जी कार्यवाही को 24 घंटे में समाप्त नहीं किया तो अधिवक्ता आंदोलन करने को विवश होंगे इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया है इस दौरान मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनुदेव त्रिपाठी महामंत्री तुषार तिवारी ओमदेव त्रिपाठी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मजबूत राष्ट्र के लिए भाजपा ही मजबूत विकल्प : अमरनाथ

## भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन सिराथू कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुआ था प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद विचाराधारा मजबूत व विकसित भारत की सोच को लेकर आगे बढ़ी है। इसी विचारधारा के दम पर पार्टी के नेताओं ने कश्मीर से धारा 370 जैसे राष्ट्र विरोधी कानून को हटाकर मजबूत भारत बनाने की ओर एक बड़ा कदम उठाया है। यही नहीं इसी दल की विचारधारा ने भारत को मजबूत करने के लिए कई नए कानून बनाए हैं और ऐसे कानूनों को खत्म किया है जिससे भारत कमजोर होता है। उक्त बातें पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ ने बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी की जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच राष्ट्रवाद और मजबूत भारत की सोच को लेकर चलती है। इसी का परिणाम रहा है कि जब पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री रहते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने पोखरण परीक्षण कर परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में भारत को विश्व में स्थापित करने का काम किया। यही नहीं मौजूदा सरकार में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त राजनेता देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है जो आज पूरे विश्व में एक मजबूत नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं उनके काम से देश को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान मिली है। इस मौके पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि जब कार्यकर्ता और पार्टी के पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा और उद्देश्यों को आमजन तक पहुंचाने में सफल होंगे तभी पार्टी का मूल उद्देश्य सफल होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रेम चौधरी, यशपाल केसरी पुष्पा देवी रमेश पासी, कल्पना सोनकर, चक्रेश मिश्रा, संजय जयसवाल, चंद्र शुक्ला, वेद प्रकाश पाण्डेय, आशीष कुमार, राजीव तिवारी, दिनेश पांडे, हुबलाल दिवाकर, तारा देवी वर्मा, ज्योति केसरवानी, आशारानी, शतरूपा पाठक, सुनील मिश्रा, शेखर पांडे, प्रकाश दुबे, अजय पाण्डेय, अजय त्रिपाठी, ओम नारायन शुक्ला, प्रशांत केशरी, पप्पू चौधरी, अमरेंद्र, सुरेन्द्र मिश्रा, भानुपाल, हिमांशु मिश्र, प्रतिभा कुशवाहा, हीरालाल सरोज, संतोष शुक्ला, शंकर दयाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता

# मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को भूल गई सैनी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली में 3 महीने पहले मुकदमा अपराध संख्या 18 सन 2022 धोखाधड़ी के मामले में गंभीर धाराओं में दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को भूल गई है धोखाधड़ी के शिकार परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है बताते चलें कि पिपरी थाना क्षेत्र के कटौहला गांव निवासी राज्वतुन पत्नी फकीरे का पुत्र सऊदी में रहकर रोजगार करता था जब उसका पुत्र सऊदी से वापस लौटा तो रैकेट के सदस्य उसे ठगी करने के लिए सक्रिय हो गए सैनी कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से सऊदी से लौटे राजावतुन के पुत्र को जमीन देने का झांसा देकर उसके साथ 25 लाख रुपए लगभग की ठगी कर ली रुपए देने के बाद उसे जमीन नहीं मिल सकी जिस पर पीड़ित परिजनों ने पुलिस की चौखट पर फरियाद करना शुरू किया काफी मेहनत परेशानी के बाद आरोपी रशीदा बेगम लतीफ अहमद इकबाल श्रवण कुमार इफ्तिखार अहमद आदि के विरुद्ध पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन उसके बाद जांच और बयान के नाम पर पुलिस ने आरोपियों को थाने बुलाया पहले तेजी दिखाने वाली पुलिस आरोपियों से मुलाकात के बाद अचानक ठंडी पड़ गई धीरे-धीरे मामला 3 महीना बीत गया लेकिन 25 लाख रुपए की ठगी करने वाले लगभग आधा दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी सैनी कोतवाली पुलिस नहीं कर सकी है जबकि क्षेत्र में आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर विवेचक के कारनामों को बताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

# 3515 निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी कराई जा चुकी सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री सामूहिक योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वॉकाक्षी योजना है इसके तहत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी की जाती है इस योजना में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग के निर्धन परिवार भी आवेदन कर सकतें हैं। योजना का लाभ विधवा और तलाकशुदा भी उठा सकतें हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन परिवारों में लड़कियां होती हैं वो बेटियों को बोझ न समझें शादी का सारा खर्च प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाता है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल 300 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया था। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2018-19 में 1254 वर्ष 2019-20 में 794, वर्ष 2020-21 में 332 तथा वर्ष 2021-22 में 835, अब तक कुल 3515 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। इस योजना हेतु परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 02 लाख रुपये एवं लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। यह योजना उत्तर प्रदेश के निवासियों हेतु संचालित है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि हस्तान्तरित की जाती है एवं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री कपड़े बिछिया पायल बर्तन आदि हेतु 10 हजार रुपये की सहायता तथा 06 हजार रुपये प्रत्येक जोड़े के विवाह आयोजन पर व्यय किए जाने की व्यवस्था की गयी है। इस प्रकार योजनान्तर्गत एक जोड़े के विवाह पर कुल 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च करने की व्यवस्था है। इच्छुक लाभार्थी वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर माँगे गये सभी दस्तावेजों को संलग्न करके पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म को ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर पालिका परिषद अथवा जिला मुख्यालय पर जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकतें हैं।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम : 25 लाख तक ऋण हेतु करे आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजनान्तर्गत जनपद के ग्रामीण अंचल में उद्योग स्थापना हेतु युवक युवतियों को उनके गांव स्तर पर ही रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग सेवा व उत्पादन क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु अधिकतम 25 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों द्वारा दिलाये जाने का प्राविधान है उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम धनराषि 8.75 लाख रुपये आरक्षित वर्ग के लिये तक का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना के उपरान्त 3 वर्ष तक 13 प्रतिशत अधिकतम ब्याज उपादान भी नियमानुसार लाभार्थी को प्राप्त हो सकेंगा, जिसके लिये ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन आनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदक अपना आनलाइन आवेदन के माध्यम से चयन करते हुये आवेदन करें ताकि आवेदन किसी अन्य एजेन्सी के पास न जा सकें ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त आवेदक अपना आवेदन पत्र समस्त आवष्यक प्रपत्रों के साथ कार्यालय विकास भवन, मंझनपुर में 20 मई 2022 तक अवष्य जमा करें।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 02, थाना महेवाघाट से 01, थाना सराय अकिल से 03 थाना पिपरी से 02, थाना धरवा से 02, थाना कड़ाधाम से 01, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 02) कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### महिला की दुर्घटना में मौत

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन गौसपुर टिकरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक महिला उम्र लगभग 50 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी है स्थानीय लोगों से सूचना पाकर पुलिस चौकी प्रभारी टेवां ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक महिला की कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# एसडीएम सीओ के साथ कोतवाल ने किया नगर भ्रमण

## नगर के फुटपाथ पर कब्जे को हटाने का अधिकारियों ने दिया निर्देश

अखंड भारत संदेशा

**भरवारी कौशाम्बी।** एसडीएम चायल सीओ सिराथू के साथ इंस्पेक्टर कोखराज अधिशाषी अधिकारी भरवारी चौकी इंचार्ज भरवारी ने नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था का परिचय दिया है फ्लैग मार्च के दौरान अतिक्रमण वाहन चेकिंग व फुटपाथ पर फोकस किया गया है थाना कोखराज की पुलिस चौकी भरवारी में रविवार की शाम को एस डी एम चायल राजेश श्रीवास्तव सी ओ सिराथू योगेंद्र कृष्ण नारायण अधिशाषी अधिकारी गिरीश कुमार व निरीक्षक कोखराज चौकी प्रभारी अविनाश तिवारी ने मय फोर्स के साथ नगर भ्रमण किया इस अवसर पर सभी अधिकारियो ने कस्बा के संभ्रांत व्यापारियों व बुद्धजीवियो से निवेदन के साथ चेतावनी देते हुए बताया कि आप लोगो के द्वारा कस्बा में सभी दुकानदारों ने पटरी तक को कब्जा कर रखा है जिसके वजह से यहा जाम की स्थिति बन गई है जिसको आप लोग अपने आप से ही खाली करदे तो अति उत्तम रहेगा 'नगर भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने नगरवासियों से कहा कि अवैध अतिक्रमण और सड़क पर वाहनों के स्टैंड को खुद खाली कर दे उसके बाद खल्ला बाद स्थित ईद गाह मस्जिद पहुँचे और वहां पर जाकर सभी मुस्लिम भाइयो से मिल कर अधिकारियों ने कहा कि कोई समस्या हो उसकी जानकारी दे शौहर्द पूर्ण वातावरण में आ रहे त्योहार को मनाया जाए जिसपर सभी मुस्लिम भाइयो ने प्रसन्नता जाहिर की वही अधिशाषी अधिकारी गिरीश कुमार ने कहा त्योहार से पहले कस्बा में सभी की बैठक कर सभी समस्या को दूर किया जायेगा ' वही नवागंतुक चौकी इंचार्ज अविनाश तिवारी जब से पदभार ग्रहण करने के बाद से कस्बा की उन तंग गलियों का जायजा ले रहे है जिन गलियों में आज तक कोई चौकी इंचार्ज ने जाना मुनासिब नही समझा था सब मिलाकर चौकी इंचार्ज मय दल बल के मुकाबले में है वह कोई भी गली की रास्ता को छोड़ना नही चाहते उन्होंने बताया की शीघ्र ही किसी घटना का खुलासा करने के चक्कर मे है इस बीच इनके भौकाली तेवर को देखते हुए राह गीर चोरों व अपराध करने वालो के हौसले पस्त है।



भरवारी नगर में फ्लैग मार्च करते एसडीएम सीओ

# नग्न तांडव करने वाले गेस्ट हाउस मालिक के बचाव में खड़ी दिखाई पड़ रही है पुलिस

## शादी कार्यक्रम में आधी रात को महिलाओं समेत आधा दर्जन लोगों पर गेस्ट हाउस मालिक ने किया था हमला, बारातियों पर गेस्ट हाउस मालिक ने छोड़ दिया खूंखार कुत्ता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे के एक गेस्ट हाउस में शादी कार्यक्रम के दौरान कन्या पक्ष की बालिकाओं से गेस्ट हाउस के कर्मियों द्वारा छेड़खानी किए जाने के मामले में बढ़ते विवाद के बाद गेस्ट हाउस मालिक लामबंद हो गए और बारातियों पर उन्होंने खूंखार कुत्ता छोड़ दिया कुत्ते ने बारातियों को दौड़ा दौड़ा कर काटा असलहो और लाठी-डंडे से लैस होकर गेस्ट हाउस मालिक और उनके चमचों ने शादी कार्यक्रम में शामिल महिलाएं बारातियों पर बेरहमी से हमला कर दिया मामले में आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं आधी रात की घटना गेस्ट हाउस की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने गेस्ट हाउस के सीसीटीवी कैमरे में वारदात की पूरी कहानी को देखा लेकिन उसके बाद सीसीटीवी कैमरे से गेस्ट हाउस मालिक ने फुटेज गायब कर दिया है पुलिस ने शादी कार्यक्रम में शामिल घायल लोगों पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया है इसके पहले भी इस गेस्ट हाउस में आयोजन के दौरान विवाद हो चुके हैं बताया जाता है कि इस गेस्ट हाउस मालिक और उसके चमचों का विवाद से गहरा नाता है

शादी कार्यक्रम में कन्या पक्ष के लोगों पर आधी रात को हमला किए जाने के मामले की घटना को 3 दिन बीत गए हैं लेकिन शादी कार्यक्रम में शामिल महिलाओं बारातियों और परिजनों पर हमले का मुकदमा सराय अकिल पुलिस दर्ज करने को तैयार नहीं है एक तरफ सरकार महिला संरक्षण की बात कर रही है दूसरी तरफ बेलगाम थानेदार महिलाओं पर हुए अत्याचार जुल्म ज्यादती के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बजाय महिलाओं की आवाज दबाने के लिए आरोपियों को पीड़ित बनाकर मुकदमा दर्ज करने पर उतारू है आखिर कैसे महिलाओं को न्याय मिलेगा न्याय न मिलने से पीड़ित परिजनों ने जनपद मुख्यालय में महिला अधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष अंजना मिश्रा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर न्याय दिलाने की मांग की है। गौरतलब है कि करारी थाना क्षेत्र के अर्कामहावीर पुर निवासी नंदकिशोर शुक्ला की पुत्री की शादी गोपाल मिश्र के पूरा थाना कौशांबी क्षेत्र के सुमित त्रिपाठी के साथ हुई थी शादी का कार्यक्रम 22 अप्रैल को सराय अकिल के एक गेस्ट हाउस में रखा गया था कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं से गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने छेड़खानी की इस मामले को लेकर विवाद बढ़ गया विवाद बढ़ने पर आधी रात को दर्जनों असलहों से लैश गेस्ट हाउस मालिक और उनके पालतू गुर्गों ने कन्या और वर पक्ष के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर डंडों से पीटना शुरू कर दिया इतना ही नहीं गेस्ट हाउस में खूंखार कुत्ते पाले गए हैं आधी रात को बराती और कन्या पक्ष के लोगों पर खूंखार कुत्ते को छोड़ दिया कुत्ते ने भी बराती और कन्या पक्ष के लोगों को काट लिया आधी रात को भोजन पांडाल में भी लगे भोजन को नष्ट किया गया आरोप है कि महिलाओं के जेवरात भी छीन लिए गए हैं कन्या पक्ष के लोगों ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दिया लेकिन गेस्ट हाउस वाले अनुसूचित जाति का बसपा नेता है जिससे पुलिस ने कार्यक्रम में शामिल लोगों पर ही २-२३ का मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया अब सवाल उठता है कि कार्यक्रम में शामिल लड़कियों के साथ छेड़खानी की गई है आधी रात को उन्हें पीटा गया है तो कानून में कहां यह कहा अधिकार है कि किसी महिला के साथ छेड़खानी करने वाले की जात बिरादरी देखा जाता है लेकिन पुलिस ने 3 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है सराय अकिल पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है।



हमले में घायल पीड़ित परिजन

### थाने पर जमकर गरजी महिलाएं



**कौशाम्बी।** सराय अकिल के एक गेस्ट हाउस में शादी के दौरान महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने के मामले को लेकर महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने सराय अकिल थाना का घेराव किया इस दौरान महिलाओं ने थाने में धरना दिया और आक्रोशित महिलाओं ने पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए महिलाओं की मांग की थी आरोपी गेस्ट हाउस संचालक और उनके गुर्गों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए।

### अपहरण के अभियुक्त को 03 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत मुकदमा के अभियुक्त अनिल घोबी पुत्र कल्लू निवासी चक माहपुर पाण्डेय मऊ थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे एफटीसी द्वितीय द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर मिशन शक्ति के तहत गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से तीन वर्ष कारावास तथा 10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

### आधे के हिस्सेदार और कर रहे पूरी जमीन पर कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अजरौली गांव निवासी माता बदल पुत्र शिवमंगल ने महेवा घाट थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आजरौली गांव की आराजी संख्या 972 का वह आधी भूमि का हिस्सेदार है उसके विपक्षी गोवर्धन आदि सड़क के किनारे की संपूर्ण जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं विरोध करने पर गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाते है। विपक्षी गोवर्धन आदि आधे जमीन के मालिक हैं शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त जमीन के हिस्सा बटवारा के लिए उप जिला अधिकारी मंझनपुर की अदालत में मुकदमा दाखिल है जो अभी विचाराधीन है इसके अलावा सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी के यहां भी जमीन का मुकदमा विचाराधीन है जिस पर अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है अदालत में मुकदमा लंबित होने के चलते संपूर्ण जमीन का अभी तक हिस्सा बटवारा भी नहीं हुआ है लेकिन दबंगई के बल पर गोवर्धन आदि संपूर्ण जमीन पर कब्जा कर रहे है जमीन पर निर्माण कराए जाने पर अदालत द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद मकान बनाकर उसकी छत डालने की योजना में भी गोवर्धन आदि लगे हैं।

### 30 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से 30 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अशोक पुत्र हुबलाल निवासी रक्सौली थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र मसुरियादीन निवासी बालकमऊ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व देवराज पुत्र गुजई सरोज निवासी बालकमऊ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## संपादकीय

# उत्तर प्रदेश में गांवों के विकास की दूसरी पारी

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दोबारा सत्तारूढ़ होने के बाद ग्राम्य विकास की भी दूसरी पारी आरंभ हो गई है। यूं तो सरकार शहरों और कस्बों का भी विकास कर रही है लेकिन सदियों से उपेक्षित गांवों का विकास उसकी प्राथमिकता में शामिल है। उसे पता चल गया है कि शहर चाहे जितने भी विकसित हो जाएं लेकिन जब तक गांव आत्मनिर्भर नहीं होंगे तब तक देश और प्रदेश का सम्यक विकास संभव नहीं है। देश की 70 प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में रहती है और कृषि पर ही निर्भर है। राष्ट्रकवि सोहन लाल द्विवेदी ने लिखा है कि 'है अपना हिंदुस्तान कहां, वह बसा हमारे गांवों में।' हिंदुस्तान की आत्मा गांवों में रहती है लेकिन अपने देश में कृषक पृष्ठभूमि से कई प्रधानमंत्री बने लेकिन गांव की जितनी चिंता अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी ने की, उतनी चिंता किसी ने भी नहीं की। लालबहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर किसानों को सम्मान भी दिया और उनके लिए काम भी शुरू किया लेकिन नियति ने उन्हें हमसे छीन लिया। उनका कार्यकाल बहुत छोटा रहा। चौधरी चरण सिंह ने भी किसानों की चिंता की लेकिन नरेंद्र मोदी ने किसानों की समस्याओं को न केवल जाना और समझा बल्कि उनके निवारण का भी भरसक प्रयास किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने जहां हर गांव को शहर से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग विकसित करने की वैचारिक अवधारणा दी थी और उनके कार्यकाल में इस दिशा में व्यापक कार्य भी हुआ लेकिन नरेंद्र मोदी उनसे आगे बढ़कर गांव, किसान और कृषि मजदूरों के उत्थान की दिशा में काम किया। लाल किले की प्राचीर से घोषणा की कि हर सांसद एक गांव को गोद लें, उसे अत्याधुनिक सुविधा संपन्न बनाए और आदर्श गांव बनाए। विपक्षी सांसदों ने न सही, लेकिन कुछ भाजपा सांसदों ने गांवों को गोद लिया भी लेकिन जिस तरह मॉनिटरिंग होनी चाहिए, वैसा कुछ कर नहीं पाए लेकिन मोदी सरकार की दूसरी पारी में जिस तरह गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने तो हर सप्ताह गांव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। हर सप्ताह गांव चौपाल लगाने, किसान चौपाल लगाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। गांवों में रात्रि प्रवास का निर्णय तो उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भी दिया था लेकिन इस मामले में अधिकारियों ने अपेक्षित संजीदगी नहीं दिखाई। लेकिन दूसरे कार्यकाल के पहले दिन से ही योगी आदित्यनाथ पूरी तरह रौ में हैं। इस बार उन्होंने अपने मंत्रियों को भी काम पर लगा दिया है। मंत्रियों का दबाव अधिकारियों पर है। सौ दिन, छह माह और एक साल की विकास योजना बनाई जा रही है। हर मंत्री को अपनी योजना का मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण भी करना है बल्कि उसके क्रियान्वयन का भी रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करना है। इसका मतलब साफ है कि सरकार अपना एक क्षण भी जाया नहीं करना चाहती। मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को लेकर जनता की अमूमन शिकायत होती थी कि चुनाव बाद क्षेत्र में उन्हें देखा ही नहीं गया लेकिन अब जिस तरह की रणनीति बन रही है, उसमें जनप्रतिनिधियों को जनता से संवाद बनाना ही होगा। उसका माध्यम चाहे जो कुछ भी हो। मंतव्य सुस्पष्ट है कि गांवों और किसानों की उपेक्षा अब नहीं चलने वाली।

# चंपारण सत्याग्रह: किसानों के शांतिपूर्ण विद्रोह का प्रतीक

कल्पना पांडे

> वह जमीन कौन-सी होगी ये नील वाले जिन्हे कोठीवाले भी कहा जाता था, वो तय करते थे। किसानों को न चाहते हुए भी अच्छी उपजाऊ जमीन नील के लिए देनी पड़ती। बीज कोठी वाले देते और बुआई-जुताई किसानों को करनी पड़ती। फसल को कारखाने तक लाने तक का बैलगाड़ी का खर्च कोठीवाले करते थे, जो करार नामे में तय पैसे में काट लिया जाता

**इस** अप्रैल में चंपारण के किसान आंदोलन को 105 वर्ष पूर्ण हुए। खेती के कोपोरेंटाइजेशन या कंपनीकरण और शोषण की संगठित लूट के खिलाफ चले आंदोलन की कई मांगों की जड़ें चंपारण तक पहुंची मिलेंगी। इसके पहले विद्रोह हुए थे परंतु इस तरह का संगठित नियोजनपूर्ण प्रयास नहीं हुआ था। ये एक सदी पहले किसानों का पहला संगठित शांतिपूर्ण अहिंसात्मक आंदोलन था। गांधीजी 175 दिन बिहार के चंपारण में रुक कर आंदोलन चलाते रहे। बदले में चंपारण ने इसे गांधीजी के नेतृत्व को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने वाला पहला आंदोलन बना दिया। चम्पारण जिले में बड़े-बड़े जमींदार हुआ करते थे। तीन चौथाई से अधिक जमीन केवल तीन बड़े मालिकों और जागीरदारों की थी। इन जागीरदारों के नाम थे- बेतिया जागीर (राज), रामनगर जागीर (राज) और मधुबन जागीर (राज)। पहले रास्ता आदि नहीं था इसलिए अच्छी व्यवस्था बनाने के लिए ठेकेदारों को गाँव दिए गए। जिनका मूल काम मालगुजारी वसूल करके जागीरदारों को देना था। 1793 के पहले कुछ ठेकेदार देसी हुआ करते थे, बाद में अंग्रेज भी इसमें आ गए। जिनका सम्बन्ध गन्ना और नील के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से था। उन्होंने बेतिया राज की तरफ से ठेका लेना शुरू कर दिया। समय के साथ देशी ठेकेदारों की जगह ब्रिटिश ठेकदारों ने ले ली। उनका प्रभाव बढ़ता चला गया। 1875 के बाद कुछ अंग्रेज उत्तर पश्चिमी भाग में जाकर बस गए और इस तरह सम्पूर्ण चम्पारण में अंग्रेजों की कोठियां स्थापित हो गईं। गांधीजी जब चंपारण गए तब अंग्रेजों की 70 कोठियाँ स्थापित हो चुकी थीं। तीनकठिया खेती अंग्रेज मालिकों द्वारा बिहार के चंपारण जिले के रैयतों (किसानों) पर नील की खेती के लिए जबरन लागू तीन तरीकों में एक था। खेती का अन्य दो तरीका 'कुरतौली' और 'कुश्की' कहलाता था। तीनकठिया खेती में प्रति बीघा (20 कट्ठा) तीन कट्ठा जोत पर मतलब 3/20 भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य बनाया गया था। 1860 के आसपास नीलहे फैक्ट्री मालिक द्वारा नील की खेती के लिए 5 कट्ठा खेत तय किया गया था जो 1867 तक तीन कट्ठा या तीनकठिया तरीके में बदल गया। इस प्रकार फसल के पूर्व में दिए गए रकम के बदले फैक्ट्री मालिक रैयतों के जमीन के अनुपात में खेती कराने को बाध्य करते थे।



1867 से चंपारण में तीनकठिया तरीके से जमीन पर नील लगाने की जबर्दस्ती की प्रथा प्रचलित थी। नील लगाने का करार नामा बनता जिसे सट्टा कहा जाता। इस करार के अनुसार किसानों को उनकी जमीन के निश्चित हिस्से में नील लगाना पड़ता था। वह जमीन कौन-सी होगी ये नील वाले जिन्हे कोठीवाले भी कहा जाता था, वो तय करते थे। किसानों को न चाहते हुए भी अच्छी उपजाऊ जमीन नील के लिए देनी पड़ती। बीज कोठी वाले देते और बुआई-जुताई किसानों को करनी पड़ती। फसल को कारखाने तक लाने तक का बैलगाड़ी का खर्च कोठीवाले करते थे, जो करार नामे में तय पैसे में काट लिया जाता। फसल अच्छी हुई तो दर्ज की गई रकम दी जाती थी और नहीं हुई तो उसका कारण जो भी हो, उसकी कीमत ठीक नहीं मिलती थी। अगर किसानों ने करार को तोड़कर नील लगाया तो उनसे एक बड़ी रकम भरपाई के रूप में वसूल की जाती। किसानों को दूसरे फायदेमंद खेती के बजाए नील की खेती ही करनी पड़ती थी और उसके लिए अपनी सबसे उपजाऊ जमीन देनी पड़ती थी। खेती अगर घाटे में गई तो कोठी वालों की अग्रिम राशि वापस कर पाना किसानों के लिए कठिन हो जाता था। उनके ऊपर कर्ज का पहाड़ बढ़ जाता। उन्हें मारपीट और अत्याचार किए जाते। नील के अधीन क्षेत्र का विस्तार बढ़ता गया। क्षेत्रफल पर आधारित कीमत का बाजार के उतार-चढ़ाव और वजन से कोई लेना-देना नहीं था। ऐसे मामले की सुनवाई के लिए एक विशेष अदालत थी लेकिन इसमें ज्यादातर फैसला रैयतों के विरूद्ध हुआ करता था। 1912 के आसपास जर्मनी का कृत्रिम रंग नील बाजार में आने के कारण नील का भाव एकदम गिर गया और जबर्दस्त घाटा होने लगा। नील से होनेवाले नुकसान की भरपाई करने के लिए शरहबेशी, हरजा, हुंडा, तावान आदि नामों से नियम बना कर जबर्दस्ती कर वसूली शुरू कर दी गयी। 30710 अनपढ़ निर्धन किसानों से करारनामों का पंजीकरण कर-के उनपर तब लागू 12.5 प्रतिशत की जगह 60 प्रतिशत कर वसूला जाने लगा इसे शरहबेशी कहा जाता था। किसानों को नील लगाने के बंधन से छुटकारा देने पर जो भारी-भरकम कर वसूला जाता उसे हरजा कहा जाता। नील की जगह दूसरी धान या अन्य फसल लेने पर वो नाममात्र कीमत पर कोठी वालों को ही अनिवार्य तौर पर बेचनी पड़ती। इसे हुंडा कहा जाता। रैयतों को खेती में काम करने पर मजदूरी जहां अन्य जगह 4-5 आना मिलती, कोठियों की खेती पर 2-3 पैसा ही मिलती। नील बोने से मुक्ति के लिए नुकसान भरपाई के रूप में 'तावान' नाम से पैसे वसूलने का नियम बना। उस जमाने में मोतिहारी कोठी ने 32000, जल्हा कोठी ने 26000, भेलवा कोठी ने 120000 रुपये किसानों से वसूले। जो नहीं दे सके उनकी जमीनें और घर जब्त कर लिए गए। कइयों को गाँव छोडकर भागना पड़ता। बहिष्कृत कर दिया जाता। कहीं-कहीं किसानों को नंगा कर उनपर कीचड़ फेंका जाता, उन्हें सूर्य की तरफ देखते रहने की सजा दी जाती। महिलाओं को नंगा करके पेड़ से बांध दिया जाता था। कोठी वाले खुद को कलेक्टर से भी बड़ा समझते। गाँव के मृत जानवरों की खाल, खेतों में पेड़, सब पर कोठी वाले हक जमाकर कब्जे में कर लेते। कोठी वालों के चमड़े का ठेका लेने के कारण चर्मकार भी बेकार हो गए और किसान-चर्मकार संबंध खत्म हो गए। घर में दीवार बनाने, बकरी खरीदने, पशु बिक्री करने, पर्व त्योहारों सब में कोठी तक हिस्सा पहुंचाना पड़ता। 1857 के बंगाल प्रांत में सरकार ने नील वालों को सहायक दंडाधिकारी बना दिया गया। इससे किसानों में असंतोष और शोषण और बढ़ गया। लोग मिलों नील की खेती छोडने के आवेदन लेकर खड़े रहते। कई जगह किसानों के साथ हिंसा हुई। इस विद्रोह के नेता हरिश्चंद्र मुखर्जी थे, जिनके लगातार आंदोलनों से बंगाल में इसपर रोक लग गई। लेकिन बिहार में ये रोक लागू नहीं हुई। वहाँ धीरे-धीरे असंतोष ने विद्रोह का रूप धर लिया। 1908 मे शेख गुलाम और उनके सहयोगी शीतल राय ने बेतिया की यात्राओं में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रचार शुरू कर दिया और मलहिया, परसा, बैरिया और कुडिया जैसे इलाकों में विद्रोह फैल गया। कई विद्रोही किसानों को जेल और दूसरी तरह की सजाएँ और जुमानें हुए। पश्चिम चंपारण के सतवरिया निवासी पंडित राजकुमार शुक्ल अपनी जेब से पैसा खर्च कर थाना और कोर्ट में रैयतों की मदद किया करते थे। मोतिहारी के वकील गोरख प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, कचहरी का कातिब पीर मोहम्मद मुनिस, संत राउत, शीतल राय और शेख गुलाब जैसे लोग हमदर्द बन गए। वह कानपुर गए और प्रताप के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी को किसानों का दुखड़ा सुनाया। विद्यार्थी जी ने 4 जनवरी 1915 को प्रताप में चंपारण में अंधेरा नाम से एक लेख प्रकाशित किया। विद्यार्थी जी ने शुक्ल जी को गांधी जी से मिलने की सलाह दी। तब शुक्ल जी साबरमती आश्रम गए लेकिन गांधी जी पुणे गए हुए थे इसलिए उन दोनों की मुलाकात नहीं हो पाई। लखनऊ में 26 से 30 दिसंबर 1916 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 31वां वार्षिक अधिवेशन था। बिहार से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। उसमें भाग लेने के लिए चंपारण से ब्रजकिशोर बाबू, रामदयाल साह, गोरख बाबू, हरिवंश सहाय, पीर मोहम्मद मुनीश, संत रावत और राजकुमार शुक्ल भी गए। उनका मकसद चंपारण के किसानों पर होने वाले अत्याचारों की जानकारी काँग्रेस के नेताओं तक पहुंचाना था।

---

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरीके से पंचायती राज दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य की न केवल तस्वीर बदलने वाली है बल्कि पाकिस्तान सहित संपूर्ण विश्व को यह संदेश है कि भारत अपनी आंतरिक सुरक्षा को लेकर बेहद सजग, सतर्क एवं संजीदा है। यही नहीं, भारत सरकार ने आज यह भी जता दिया है कि उसके पास आतंकवाद नामक बीमारी का समुचित उपचार भी है। यह जम्मू कश्मीर के भूले-भटके युवाओं को स्पष्ट संकेत है कि अब वे किसी के बहकावे में न आकर भारत द्वारा शुरू किए गए अमन चैन की धारा में शामिल हो जाएं। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 के तहत अक्टूबर 1947 में कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार के साथ विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत इस राज्य को विशेष दर्जा मिला हुआ था। 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने एक पुनर्गठन कानून पास कर जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर इसे केंद्र शासित प्रदेश और अक्टूबर महीने में लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। धारा 370 हटाए जाने के बाद वहां पर केंद्र सरकार के वे सभी 890 केंद्रीय कानून लागू हो गए जो पहले वहां के लिए मान्य नहीं थे। सर्वविदित है कि भारत सरकार के इस कदम से सबसे ज्यादा तकलीफ भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान को हुई। पाकिस्तान के सियासतदानों की राजनीति का केंद्र बिंदु रहा जम्मू-कश्मीर उसकी जकड़ से बाहर निकलने लगा। यही कारण है कि भारत के इस कदम से बौखलाए पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियां और तेज कर दीं। आतंकियों ने पुलवामा जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने के कई बार प्रयास किए लेकिन सतर्क भारत सरकार और सेना ने हमेशा उनकी मंशा को तहस नहस कर दिया। अनेक मुठभेड़ों में सैकड़ों आतंकियों को अभी तक ढेर किया जा चुका है। ऐसा नहीं है कि सरकार आतंकियों पर सिर्फ गोलियां चलाकर उनको मौत के घाट उतार रही है। वह वहां के स्थानीय लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर 38 हजार करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे की आधारशिला रखी और सांबा में 108 जन औषधि केंद्रों के साथ पल्ली गांव में 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया। अब पल्ली गांव सौर ऊर्जा से रोशन होगा। उन्होंने 3100 करोड़ की लागत से बनी बनिहाल-काजीगुंड रोड टनल का उद्घाटन किया। 8.45 किमी लंबी सुरंग बनिहाल और काजीगुंड के बीच सड़क की दूरी को 16 किमी कम कर देगी और यात्रा के समय को लगभग डेढ़ घंटे कम कर देगी। इसके अलावा उन्होंने किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना और 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नौजवानों को मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपके माता-पिता, दादा-दादी और आपके नाना-नानी को जिन मुसीबतों से जिंदगी जीनी पड़ी, आपको कभी ऐसी मुसीबतों से नहीं गुजरना पड़ेगा। प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने यह वायदा किया कि वह यह सब करके दिखाएंगे। वास्तविकता तो यह है कि आजादी के बाद से ही जम्मू-कश्मीर के युवा पाकिस्तान के इशारे से संचालित होते रहे। इस राज्य में सियासत करने वाले राजनेता तुष्टीकरण की सभी सीमाएं लांघ कर आतंकियों के दबाव से आतंकित होकर समाज और राष्ट्र विरोधी कार्य करते रहे। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर से बहुत बड़ी आबादी पलायन करने को मजबूर हो गई। पूर्व सरकारों की लचर और तुष्टीकरणवादी नीतियों के चलते पृथ्वी का स्वर्ग कही जाने वाली कश्मीर घाटी में देश और विदेश के पर्यटक जाने से डरने लगे और वहां का पर्यटन उद्योग लगभग ठप हो गया। लेकिन धारा 370 की समाप्ति के बाद सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियान से स्थानीय लोगों और पर्यटन में वहां जाने वाले लोगों में सुरक्षा का भाव पैदा होने लगा है।

---

## अभिव्यक्ति

**हरिवंश, राज्यसभा के उपसभापति**

**हाल** की ही एक खबर है। देश भर में चार करोड़ से अधिक फर्जी राशन कार्डधारी मिले। सूची में पहला है, उत्तर प्रदेश (यहां 1.70 करोड़ से अधिक फर्जी राशन कार्डधारी थे)। दूसरे क्रम पर है महाराष्ट्र (92 लाख)। तीसरा है पश्चिम बंगाल (41 लाख से ज्यादा)। और चौथा है मध्यप्रदेश (2014-21 के बीच लगभग 24 लाख फर्जी राशन कार्डधारी)। ये बीपीएल सूची में अस्तित्वविहीनों के नाम हैं। बीते कुछ दिनों में भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई कार्रवाई की खबरें एक साथ देखना स्तब्ध करता है। कहीं प्राइमरी का एक शिक्षक 20 कालेजों का मालिक बना है। कहीं दक्षिण के एक राज्य में 18 सरकारी कर्मचारियों के यहां एक दिन छापे पड़े- कुल 75 जगहों पर। संपदा देख स्तब्ध रह गए, भ्रष्टाचार-उन्मूलन ब्यूरो के अफसर। वहीं उत्तर के एक राज्य में खनन प्रभावितों के नाम पर 2673 करोड़ रुपए खर्च हो गए, पर जरूरतमंदों को पानी नहीं मिला। एक अन्य राज्य की स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने एक इंजीनियर को पकड़ा। उसके कुल 25 बैंक खाते मिले। एक ही शहर में 21 कमरों के दो भव्य मकान भी। एक अन्य राज्य में 20 करोड़ की फर्जी कोयला ढुलाई की जांच की जा रही है। यह कोयला बाइक, आटो व कार से ढोया गया है। राज्यों में नियमित रूप से हो रही ऐसी कार्रवाइयां अब चौंकाती तक नहीं। क्या यह समाज के नैतिक स्वास्थ्य का सूचक है? ऐसा करनेवाले निजी स्वार्थ को महत्व देते हैं, सामाजिक हित को नहीं। यह गरीब नहीं करते, उनके नाम पर सामर्थ्यवान करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति आइजनहावर ने ठीक ही कहा था कि जो कौम सिद्धांतों से अधिक सुविधाओं को तरजीह देती है, वह जल्द ही दोनों खो बैठती है। क्या हर जगह कानून ही काम करेगा? क्या समाज-व्यक्ति के अपने मूल्य, विवेक या अंतरात्मा नहीं? क्या गांधी-दौर की बातें अतीत हैं? बड़े प्रसंग छोड़ दें। निजी व सार्वजनिक आचरण का रास्ता इस मुल्क के सामान्य लोगों ने दिखाया है। दशकों पुरानी बात है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज थे, एस.के. धर। तीन वर्ष पहले रिटायर हुए, पेंशन नहीं मिली। इलाहाबाद में प्रैक्टिस भी नहीं कर सकते थे। दिल्ली आए। आंख की बीमारी हुई। घर लौटे। उम्र का अंतिम दौर, बीमारी और आर्थिक कठिनाई में बीत रहा था। कलकत्ता के मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें आर्बिट्रेटर बनाया। सप्ताह में पांच दिन काम। 50,000 पारिश्रमिक।

मना कर दिया। मुख्य न्यायाधीश को लगा फी कम है। पारिश्रमिक बढ़ाकर एक लाख कर दिया। श्रीधर ने उन्हें खत लिखा। बताया पैसों की सख्त जरूरत है, पर यह काम नहीं कर सकता। कारण, जिस पद पर रहा हूं, उसके प्रति सम्मान रखना मेरा नैतिक दायित्व है। यह नैतिक ऊंचाई भारत के एक अचर्चित इंसान (वकील से जज बनने वाले) की है। राजनीति, नौकरशाही, शिक्षा, अध्यापन, वकालत, कारोबार, यानी हर क्षेत्र में श्रीधर जैसे अनगिनत प्रतिमान देश में रहे, व हैं। इस कारण सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार जैसी चीजों की बढ़ती स्वीकार्यता, चिंता का विषय है। 1947 का भारत पिछड़ा था। आज जैसा सामर्थ्यवान नहीं। पर नैतिक आचरण, श्रेष्ठ मूल्य, सादगी जैसे तत्व राष्ट्रीय जीवन में पथ-प्रदर्शक थे। 75 वर्षों बाद क्या हम वही दावा कर सकते हैं? कोविड के अनुभवों से गुजरते हुए, पुरखों की हजारों वर्ष पुरानी सीख भी लोकस्मृति में नहीं है : न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः (मनुष्य की तृप्ति धन से नहीं होती)। सभ्यताओं के पतन में भ्रष्टाचार की भूमिका रही है- पड़ोस के एक मुल्क की कहावत है। वह देश शांति चाहता था। सुरक्षा में संसार की सबसे बड़ी दीवार खड़ी की। आरंभिक 100 वर्षों में बाहरी हमलावरों ने उसे तीन बार तबाह किया।

दरवाजों के सुरक्षाकर्मियों को रिश्वत दे कर, हमलावर अंदर आए। जैसे पलासी की लड़ाई में लाला जगत सेठ और मीर जाफर ने अंग्रेजों के लिए भारत का दरवाजा खोला था। अपना ईमान बेच कर। लेकिन पड़ोसी मुल्क ने हजारों वर्ष पहले ही सीख लिया कि बड़ी दीवारों से देश नहीं बचते, इसलिए ह्यचरित्र निर्माण अभियानद्ध चलाया। आजादी के दौर में, महात्मा गांधी ने भी भारत को इसी रास्ते पर डाला। 75 वर्षों बाद आज उस पथ का स्मरण-अनुगमन भी आवश्यक है।

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही

**योगेश कुमार गोयल**

**हर** साल मलेरिया से होने वाली लाखों लोगों की मौत को देखते हुए ही लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा 25 अप्रैल 2008 को विश्व मलेरिया दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी। दरअसल मच्छरों के काटने से होने वाली जानलेवा बीमारी मलेरिया के कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। जागरूकता के अभाव में आज भी मलेरिया से मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। यूनिसेफ द्वारा मलेरिया दिवस की थीम तय करने का उद्देश्य किसी भी प्रकार से विश्व को मलेरिया से मुक्त करना है। तय की जाने वाली थीम पर दुनिया भर के चिकित्सक, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ वर्ष भर कार्य करते हैं। वर्ष 2022 के लिए विश्व मलेरिया दिवस की थीम है मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करें जबकि 2021 की थीम थी जीरो मलेरिया लक्ष्य की ओर बढ़ना है। विगत दो दशकों में हुए तीव्र वैज्ञानिक विकास और मलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गए वैश्विक कार्यक्रमों के कारण जानलेवा बीमारी मलेरिया के आंकड़ों में कमी तो आई है किन्तु अभी भी इस पर पूर्ण रूप से नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की मौत हो जाती है। माना जाता है कि यह बीमारी सबसे पहले चीन में पाई गई थी, जहां गंदगी से यह बीमारी पनपने के कारण उस समय इसे दलदली बुखार कहा जाता था। वैसे मलेरिया इतालवी भाषा के शब्द माला एरिया से बना है, जिसका अर्थ है बुरी हवा। मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लास्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो ये परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मलेरिया बुखार पांच प्रकार का होता है, लास्मोडियम फैल्सीपैरम, सोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया, प्लास्मोडियम मलेरिया तथा प्लास्मोडियम नोलेसी। प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम में पीड़ित व्यक्ति एकदम बेसुध हो जाता है और इस बुखार में निरन्तर उल्टियां होने से व्यक्ति की जान भी जा सकती है। सोडियम विवैक्स में मच्छर बिनाइन टर्शियन मलेरिया पैदा करता है, जो 48 घंटों के बाद अपना असर दिखाना शुरू करता है। प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया का यह रूप बिनाइन टर्शियन मलेरिया उत्पन्न करता है। प्लास्मोडियम मलेरिया एक प्रकार का प्रोटोजोआ है, जो बेनाइन मलेरिया के लिए जिम्मेदार होता है। इस रोग में क्वार्टन मलेरिया उत्पन्न होता है, जिसमें मरीज को हर चौथे दिन बुखार आ जाता है। रोगी के यूरिन से प्रोटीन निकलने लगते हैं और शरीर में प्रोटीन की कमी होकर सूजन आ जाती है। प्लास्मोडियम नोलेसी दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाने वाला एक प्राइमेट मलेरिया परजीवी है। इस मलेरिया से पीड़ित रोगी में सिरदर्द, भूख नहीं लगना जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक कई मलेरिया बहुत खतरनाक होते हैं, जिससे मरीज की मौत हो जाती है। भारत में रेजिस्टेंट मलेरिया का जोन है, इसके अलावा फैल्सीपेरम मलेरिया तो और भी ज्यादा खतरनाक होता है, जिसमें रक्तचाप कम हो सकता है, किडनी और लिवर फेल हो सकते हैं तथा मरीज कोमा में जा सकता है। इसमें मरीज को शीघ्र उचित इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है। मलेरिया होने पर प्रायः तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं। लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है।

## जटिल होती इस दुनिया में, अनुशासित जीवन

**एन. रघुरामन**

**ग्वालियर-बरौनी** एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 11123 सुबह 5.27 बजे सिवान स्टेशन पहुंची। ट्रेन ग्रीन सिग्नल का इंतजार कर रही थी, तभी असिस्टेंट लोको पायलट नीचे उतरकर कहीं चले गए। सुबह 5.30 बजे ट्रेन को ग्रीन सिग्नल मिला और वह असिस्टेंट के बिना ही स्टेशन से चल पड़ी। लेकिन थोड़ी दूर जाकर रेलवे क्रॉसिंग पर रुक गई। इसलिए नहीं कि वहां रेड सिग्नल था, बल्कि वहां असिस्टेंट हाथों में दो कप गरमागरम चाय लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, जो उन्होंने रेलवे क्रॉसिंग के पास की गुमटी से ली थी। हालांकि रेलवे ने ड्राइवरों के इस व्यवहार पर इंक्वायरी का आदेश दिया है, लेकिन मेरे स्त्रोत ने मुझे बताया कि रेलवे का कहना है कि ज्यादातर ट्रेन ड्राइवरों को नींद की कमी और गर्मी के कारण सिरदर्द की शिकायत होती है। शायद इसीलिए उन्होंने चाय खरीदी होगी। दुनिया में रोजाना हर 6 में से एक व्यक्ति को सिरदर्द की शिकायत होती है। सिरदर्द की बीमारियां तकलीफदेह और कमजोर करने वाली होती हैं। इनके पीछे तनाव से लेकर दर्दनाशक दवाओं का ज्यादा सेवन और नींद की समस्या जैसे कई कारण हैं। नॉर्वे की यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की रिसर्च के मुख्य लेखक प्रोफेसर लार्स जैकब स्टोवनर कहते हैं, ह्यसिरदर्द की बीमारी बहुत आम हो गई है और सभी देशों में पाई जाती हैद्ध स्टोवनर और उनकी टीम ने 1961 से 2020 के बीच सिरदर्द पर प्रकाशित 357 पेपर्स का अध्ययन किया है। उन्होंने दुनियाभर में सिरदर्द की बीमारियों के प्रसार को समझने के लिए अलग-अलग टाइम जोन और विभिन्न देशों के डेटा का आकलन किया। हाल ही में जर्नल ऑफ हेडेक एंड पेन में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि दुनिया में 52% यानी आधे से ज्यादा आबादी को सक्रिय सिरदर्द की बीमारी है, जिसे पिछले वर्षों में किसी न किसी तरह के सिरदर्द के रूप में बताया जाता रहा है।

## आस्ट्रेलिया में पहली बार खेली अफगानिस्तान की महिला फुटबॉल टीम

**मेलबर्न।** अफगानिस्तान की महिला फुटबॉल टीम ने पिछले साल तालिबान शासित देश छोड़ने के बाद पहला मैच खेला जो गोलरहित ड्रॉ रहा। मेलबर्न विक्टरी अफगान महिला टीम ने



विक्टोरिया की सीनियर महिला चैम्पियनशिप में गोलरहित ड्रॉ खेला। पिछले साल अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद 30 खिलाड़ियों और कोचों को आस्ट्रेलियाई सरकार की मदद से देश से निकाला गया था। अब वे मेलबर्न में बसे हैं। टीम ने पहला अभ्यास सत्र फरवरी में पूरा किया और इस साल विक्टोरिया के बैनर तले खेलेगी। विक्टोरिया के पारंपरिक नेवी ब्लू और सफेद वी की बजाय टीम घरेलू मैचों में अफगानिस्तान की लाल शर्ट और बाहर के मैचों में सफेद शर्ट पहनेगी जबकि इसके पीछे के हिस्से पर अफगानिस्तान का ध्वज होगा। परिवार के सदस्यों के नाम उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखकर पीछे नहीं लिखे गए हैं क्योंकि उनके परिजन अफगानिस्तान में ही हैं। खिलाड़ियों ने अपना पहला नाम या उपनाम शर्ट के पीछे लिखा है।

## अब क्रुणाल पांड्या ने पोलार्ड के माथे को चूमा, मैच जीतने के बाद बताई वजह

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस जीत दर्ज करने से चूक गया। सीजन का 8वां मुकाबला गंवाने के बाद कप्तान रोहित शर्मा नाराज दिखे। उन्होंने खराब बल्लेबाजी को हार का दोषी बताया। वहीं, मैच जीतने के बाद लखनऊ के खेमे में खुशी देखी गई। खास तौर पर 19 रन देकर 3 विकेट लेने वाले क्रुणाल पांड्या काफी देर तक सेलिब्रेशन मनाते देखे गए। मैच के दौरान उन्हें तब भी उत्साहित देखा गया जब उन्होंने किरोन पोलार्ड का विकेट




चटकाया। पोलार्ड मुंबई के लिए आखिरी ओवरों में एकमात्र उम्मीद थी। लेकिन उनका विकेट क्रुणाल ने निकाल लिया। क्रुणाल यह विकेट लेकर इतना खुश थे कि उन्होंने पवेलियन की ओर लौटते पांड्या का माथा चूम लिया। मैच खत्म होने के बाद क्रुणाल ने इस पर बात भी की। उन्होंने कहा- वास्तव में अच्छा लग रहा है, गेंदबाजी विभाग में कड़ी मेहनत की गई, योजना के अनुसार काम हुआ। वहीं, पोलार्ड के साथ हुए क्रुणाल ने कहा- मैं बहुत शुक्रगुजार था कि मुझे उनका (पोलार्ड) विकेट मिल गया। नहीं तो वह जीवन भर मेरा दिमाग खा जाते क्योंकि उन्होंने मुझे एक बार आउट कर दिया था। अब 1-1 हो गया है। वह कम से कम कम बोलेंगे।

## रिद्धिमा दिलावरी आस्ट्रेलिया में संयुक्त 25वें स्थान पर रहीं

**बोनविले (आस्ट्रेलिया)।** रिद्धिमा दिलावरी यहां आस्ट्रेलिया महिला क्लासिक-बोनविले गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 25वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी रहीं। मौसम से प्रभावित होने के कारण भी खेले गए इस टूर्नामेंट में चारों भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं थी। रिद्धिमा ने पहले दो दौर में 70 और 73 के स्कोर के बाद अंतिम दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। उन्होंने चार बर्डी की लेकिन 4 बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई। अन्य भारतीयों में पहले दौर में चार अंडर 68 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप द्राल अगले दो दौर में 81 और 73 के स्कोर से संयुक्त 45वें स्थान पर रहीं। नेहा त्रिपाठी ने भी अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त 45वां जबकि वाणी कपूर (70, 75 और 78) ने संयुक्त 52वां स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की मेगान मैकलारेन ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से खिताब जीता। यह आस्ट्रेलिया में उनका तीसरा खिताब है।



# मुंबई की लगातार 8वीं हार, लखनऊ ने 36 रन से जीता मैच

**मुंबई।** लखनऊ सुपरजायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2022 का 37वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। लखनऊ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान केएल राहुल की शतकीय पारी के बदौलत मुंबई के सामने 169 रन का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य का पीछा करने आई मुंबई की टीम को अच्छी शुरूआत मिली। पर टीम के बाकी बल्लेबाज इस रन को भुना नहीं पाए और पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 132 रन ही बना पाई। लखनऊ ने इस मैच को 36 रन से जीत लिया और यह मुंबई की आईपीएल में लगातार 8वीं हार है।

**लखनऊ सुपरजायंट्स (पहली पारी)**

लखनऊ के लिए डिकॉक के साथ केएल राहुल ओपनिंग के लिए उतरे। चौथी ओवर में लखनऊ को पहला झटका लगा जब डिकॉक बुमराह की गेंद पर रोहित को कैच थमा बैठे। डिकॉक ने 9 गेंदों पर 8 रन बनाए। डिकॉक के जल्द आऊट होने पर केएल राहुल ने पारी को संभाला और स्कोर बढ़ते दिखे।

धीमी पारी खेल रहे मनीष पांडे को किरोन पोलार्ड ने आउट करके मुंबई इंडियंस को दूसरी सफलता दिलाई। मनीष पांडे 22 रन बनाकर आउट हुए।

डेनियल सैम्स ने मार्कस स्टोयनिस को शून्य पर आउट करके टीम को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद पोलार्ड ने क्रुणाल पांड्या को एक रन पर आउट करके टीम को चौथी सफलता दिलाई। रिले मेरेडिथ ने दीपक हुड्डा को 10 रन पर आउट



करके लखनऊ को 5वां झटका दिया। लखनऊ का छठा विकेट आयुष बदोनी के रूप में गिरा। बदोनी 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मेरेडिथ ने आखिरी ओवर में अपना शिकार बनाया।

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 103 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 12 चौके और 4 छक्के लगाए।

**मुंबई इंडियंस (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई मुंबई इंडियंस को कप्तान रोहित शर्मा ने अच्छी शुरूआत दी। पर दूसरे छोर से ईशान किशन की तरफ से सही साथ नहीं मिल पा रहा था और वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे।

मुंबई को पहला झटका ईशान किशन के रूप में लगा। ईशान किशन 20 गेंदों पर 8 रन बनाकर रवि बिश्नोई की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से कैच आउट हो गए। मोहसिन खान ने डिवाल्ड ब्रेविस को 3 रन पर आउट करके लखनऊ की टीम को दूसरी सफलता दिलाई।

क्रुणाल पांड्या ने रोहित शर्मा को आउट करके मुंबई को तीसरी सफलता दिलाई। रोहित शर्मा 31 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी में कमाल दिखाने के बाद आयुष बदोनी ने गेंद से भी कमाल करते हुए अपने नाम एक विकेट हासिल किया। उन्होंने सूर्यकुमार को 7 रन पर आउट करके मुंबई को चौथा झटका दिया।

इसके बाद टीम की पारी को आगे लेकर जा रहे तिलक वर्मा के आउट होने से मुंबई की जीत की उम्मीदें टूट गई। तिलक वर्मा 27 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 रन बनाकर जेसन होल्डर की गेंद पर आउट हुए। क्रुणाल पांड्या ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पोलार्ड को आउट किया। पोलार्ड 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद जयदेव उनादकट एक बनाकर रन आउट हो गए। इसकी अगली गेंद पर सैम्स भी कैच देकर पवेलियन लौट गए।

## मैच जीतकर बोले केएल राहुल- मेरे ज्यादातर पैसे जुर्माने में चले जाते हैं

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 36 रन से हरा दिया है। इस मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने शतकीय पारी खेली और इस सीजन का दूसरा शतक लगाया। मुंबई के खिलाफ केएल राहुल का यह तीसरा शतक है। मैच जीतने के बाद केएल राहुल ने कहा कि मुझे मिलने वाली सभी ज्यादातर इनामी राशि जुर्माने के तौर पर भरपाई करनी होगी।

केएल राहुल ने कहा कि हमने इस मैच स्थिति के हिसाब से खेला। मैंने अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया और जिम्मेदारियों को संभाला। उम्मीद यही है कि आगे भी यही करता रहूं। पहले सोचा था कि बस गेंद बल्ले पर आ जाए। जब आप किसी ऐसी जगह पर खेलते हैं जो पहले मेरे लिए




अच्छा रहा है, लेकिन पिछले दो मैचों में इतना नहीं। तो मैंने बस सबसे पहले एक रन लेने की कोशिश की। भाग्यशाली हूं कि मैं उतना स्कोर कर पाया जितना मैंने किया।

राहुल ने आगे कहा कि इस टीम के साथ हम गहराई तक बल्लेबाजी कर सकते हैं। होल्डर 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आते हैं। इससे हमारी टीम को और गहराई मिलती है जिस कारण बल्लेबाज और खुलकर अपना खेल दिखा सकते हैं। यही कारण है कि हमारे बल्लेबाजों का स्ट्राईक रेट अधिक है।जो टीमें लक्ष्य को बचा सकती हैं और पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करती हैं वह मैच को अच्छी तरह खत्म भी कर सकती हैं। वह टीमें टूर्नामेंट भी जीत सकती हैं। हम ऑक्शन के दौरान पूरी तरह से स्पष्ट थे। मैं टीम में ज्यादा ऑलराउंडर्स चाहता था। यह टीम पाकर मेरा काम भी आसान हो गया है।

## ओस्लो ई-स्पोर्ट्स कप शतरंज - विश्व नंबर 10 ममेद्यारोव को हरा प्रग्गानंधा ने बनाई बढ़त

**ओस्लो , नॉर्वे ।** दुनिया का अपनी तरह का पहला शतरंज ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट ओस्लो स्पोर्ट्स कप के दूसरे दिन भी भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर प्रग्गानंधा का जादू बरकरार रहा और उन्होने बेहद अनुभवी विश्व नंबर 10 अजरबैजान के शकरियार ममेद्यारोव को पराजित करते हुए प्रतियोगिता में एकल बढ़त हासिल कर ली है । प्रग्गानंधा की जीत में बड़ी बात यह रही की एक बार फिर उन्होने सिर्फ तीन मैच में 2 जीत और एक ड्रॉ के साथ राउंड अपने नाम किया । प्रग्गानंधा नें पहले और तीसरे मुक़ाबले में सफ़ेद मोहरो से जीत हासिल की जबकि काले मोहरो से दूसरा मुक़ाबला ड्रॉ खेला और इस तरह लगातार दूसरा राउंड 2.5-0.5 अंतर से अपने नाम करते हुए कुल 6 अंको केसाथ एकल बढ़त बना ली है । वहीं कल एकतरफा मुक़ाबला जीतने वाले विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन को वियतनाम के ले कुयांग लिम से अप्रत्याशित 2.5-1.5 से हार का सामना करना पड़ा । कल जीत दर्ज करने वाले नीदरलैंड के अनीश गिरि को पोलैंड के यान डुड़ा नें टाईब्रेक में 4-2 से हराया जबकि नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट नें कनाडा के एरिक हेनसेन को 2.5-1.5 से मात देकर जीत हासिल की । राउंड 2 के बाद प्रग्गानंधा 6 अंक के साथ पहले तो अनीश गिरि 4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रहे है । कार्लसन , ले कुयांग लिम ,जॉर्डन और ममेद्यारोव 3 अंक ,डुड़ा 2 अंक और एरिक हेनसेन 0 अंक पर खेल रहे है ।



## सीएसके के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने प्रेमिका किम से की शादी, आईपीएल फ्रेंचाइजी ने ऐसे दी बधाई

**लंदन।** न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने प्रेमिका किम से शादी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अस्थायी रूप से आईपीएल बायो बबल छोड़ा है। दक्षिणपूर्वी विशेष अवसर के लिए अपने देश दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरी और अब किम वाटसन के साथ शादी के बंधन में बंधने के बाद शादी समारोह की तस्वीर अब सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई है।

सीएसके द्वारा कॉनवे और किम की फोटो शेयर की गई है जिसमें कॉनवे सूट और उनकी पत्नी किम वॉटसन ने पारंपरिक शादी का गाउन पहना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने घर बसाने का फैसला करने से पहले तीन साल तक डेटिंग की। दिलचस्प बात यह है कि सीएसके फ्रैंचाइजी ने बुलबुला छोड़ने से पहले कॉनवे के लिए एक उचित पारंपरिक प्री-वेडिंग बैश की व्यवस्था भी की थी। सीएसके ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर



नवविवाहित जोड़े को बधाई देते हुए तस्वीर शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा, हम आपको लायन एंड लेडी कहते हैं! किम और कॉनवे को विवाह की शुभकामनाएं! दक्षिण अफ्रीका में जन्मा यह क्रिकेटर पहली बार कैश-रिच लीग में खेल रहा है। उन्हें इस साल फरवरी में दो दिवसीय मेगा नीलामी में गत चैंपियन द्वारा उनके बेस प्राइज एक करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया गया था। न्यूजीलैंड का खिलाड़ी अब तक चार बार के चैंपियन के लिए एक मैच में केवल तीन रन ही बना पाया है। कॉनवे अब भविष्य में प्लेइंग इलेवन में शामिल होने पर मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे। सीएसके ने पिछले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस को एमएस धोनी के अंतिम ओवर वीरता के सौजन्य से अंतिम गेंद पर तीन विकेट से हराया था। यह चेन्नई की इस सीजन की दूसरी जीत थी और अब वे तीसरी जीत के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेंगे।

## आंद्रे रूबलेव ने नोवाक जोकोविच को हराकर जीता सर्बिया ओपन का खिताब

**बेलग्रेड।** आंद्रे रूबलेव ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7 (4), 6-0 से हराकर सर्बिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता जो इस सत्र में उनका तीसरा खिताब है। दूसरी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी ने शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच को वर्ष 2022 में पहला खिताब जीतने से रोका। चौबीस वर्षीय रूबलेव ने दूसरा सेट टाईब्रेकर में गंवाने के बाद तीसरे सेट में शानदार खेल दिखाया और जोकोविच को एक भी गेम नहीं जीतने दिया। रूबलेव ने यह मैच दो घंटे 24 मिनट में जीता। रूबलेव से 10 साल बड़े जोकोविच ने अपने घरेलू शहर में खेले जा रहे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए अपने तीनों मैच में पिछड़ने के बाद वापसी की थी लेकिन रूसी खिलाड़ी ने उन्हें ऐसा मौका नहीं दिया।



## राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी में सुखवीर कौर करेंगी पंजाब की कप्तानी

**जालंधर।** सुखवीर कौर 11 मई से इंफाल (मणिपुर) में शुरू होने वाली 12वीं हाकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब महिला हाकी टीम की कप्तानी करेंगी।

हॉकी पंजाब की एडहॉक कमेटी के सदस्य ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी ने रविवार को बताया कि 11 से 22 मई तक इंफाल (मणिपुर) में आयोजित होने वाली 12वीं हाकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब महिला हॉकी टीम का नेतृत्व सुखवीर कौर करेंगी जब कि सुरजीत हाकी सोसाइटी द्वारा संचालित हाकी एकेडमी की



खिलाडी हरजोत कौर पंजाब टीम की उप कप्तान होगी।

शम्मी के अनुसार पंजाब हॉकी टीम में अन्य खिलाड़ियों में ताशिबा, सुखप्रीत कपूर, जसलीन कौर, पवनदीप कौर, जेसिकादीप कपूर, अमनप्रीत कौर, किरणप्रीत कौर, लखवीर कौर, हरजोत कौर (उपकप्तान) सुखप्रीत कौर, लखविंदर कौर, सुखविंदर कौर, सानिया को शामिल किया गया है जबकि गुरजीत कौर, मनदीप कौर, हरलीन कौर और सुखमीत कम्बोज को स्टैंड बाई प्लेयर्स के रूप में चुना गया है।

## एशियाई कुश्ती में दीपक पूनिया को रजत, विक्की चाहर जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** दीपक पूनिया कजाखस्तान के अजमत दौलतबेकोव के मजबूत डिफेंस से पार पाने में नाकाम रहे और उन्हें एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के अंतिम दिन रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, विक्की चाहर ने फ्रीस्टाइल 92 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के अजिनियाज सपारनियाजोव को 5-3 से शिकस्त दी।

महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहले स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहे दीपक (86 किग्रा, फ्रीस्टाइल) ने बिना कोई अंक गंवाए फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने पहले ईरान के मोहसेन मीरयूसुफ मोस्ताफी अलानजाग



(6-0) और फिर कोरिया के गुवानुक किम (5-0) को हराया। दीपक का एशियाई चैंपियनशिप में यह चौथा पदक है। वह इससे पहले एक रजत (2021) और दो कांस्य (2019 और 2020) पदक जीत चुके हैं।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 17 पदक जीते। रवि दहिया एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता रहे जिन्होंने पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में सोने का तमगा जीता। ग्रीको रोमन पहलवानों का पांच पदक जीतना उत्साहवर्धक रहा।

मंगल कादयान को 61 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में किर्गिस्तान के उलुकबेक झोलदोशबेकोव के खिलाफ 4-6 से हार मिली।

यश तुनीर हालांकि 74 किग्रा वर्ग के क्वालिफिकेशन दौर के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के इख्तियोर के खिलाफ 10-11 के करीबी अंतर से हार गए। अनिरुद्ध कुमार को 125 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कोरिया के जुंग के खिलाफ 4-8 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज, मोदी बोले- युवा साथी खूब खेलेंगे, खूब खिलेंगे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज हुआ। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इसका उद्घाटन किया। उनके अलावा कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, राज्यपाल थावर चंद गहलोत और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मौजूद रहे। इन खेलों में देश भर के 189 विश्वविद्यालयों के लगभग 39 सौ पुरुष और महिला खिलाड़ी अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरेंगे। ओलंपियन तैराक श्रीहरि नटराज ने इन खेलों में शिरकत करने वाले लगभग 39 सौ खिलाड़ियों के लिए खेलों की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई। बेंगलुरु शहर देश के युवा जोश की पहचान है और प्रोफेशनल्स की शान है। डिजिटल इंडिया वाले बेंगलुरु में खेलो इंडिया का आह्वान अहम है। स्टार्ट-अप्स की दुनिया में स्पोर्ट्स का ये संगम, अद्भुत है। भले ही यह यूनिवर्सिटी खेल हों, लेकिन युवा यह मानकर खेलें कि वे देश के लिए खेल रहे हैं। वे यहां खेलकर देश के लिए अपने अंदर एक उत्तम खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। यही जज्बा उन्हें आगे लेकर जाएगा। यही भावना उन्हें मैदान पर जिताएगी और मेडल भी दिलाएगी। उन्हें विश्वास है सभी युवा साथी खूब खेलेंगे, खूब खिलेंगे।

**उपराष्ट्रपति बोले- देसी खेलों का आयोजन दिल को छूने वाला**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार और खेल मंत्रालय की ओर से महत्व दिए जाने के बाद देश खेलों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका उदाहरण टोक्यो ओलंपिक में देखने को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इन खेलों में मलखंब और योगासन जैसे देसी खेलों का आयोजन दिल को सुकून देने वाला है। वहीं पीएम ने कहा कि खेलों की शक्ति देश की शक्ति को बढ़ाती है। खेलों में पहचान देश में पहचान बढ़ाती है। उन्हें याद है जब वह टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेताओं से मिले थे तो उनकेचेहरे पर अपनी जीत से ज्यादा देश के लिए पदक जीतने का गर्व था। देश के लिए जीत से ज्यादा खुशी मिलने का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि वे भी यहां अपने लिए या अपने परिवार के लिए नहीं खेल रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का बेंगलुरु में होना इस खूबसूरत शहर की ऊर्जा को और बढ़ाएगा। देश के नौजवान भी यहां से एक नई ऊर्जा लेकर लौटेंगे। वैश्विक महामारी के बीच ये खेल देश के युवाओं के दृढ़संकल्प और जज्बे का उदाहरण हैं। वह इनके प्रयासों और हौसले को सलाम करते हैं। खेल मंत्री ने अनुराग ठाकुर ने कहा कि कोरोना के चलते दो साल बाद इन खेलों का आयोजन हो रहा है, जिस तरह का उत्साह उन्होंने पहले खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में देखा था। वैसा ही उत्साह यहां देखने को मिल रहा है। लगभग दो सौ विश्वविद्यालयों के लगभग 4000 खिलाड़ी इन खेलों में शिरकत कर रहे हैं। यह राज्य में होने वाला विभिन्न खेलों का सबसे बड़ा आयोजन है। समारोह में खेल राज्य मंत्री निशिथ परमाणिक के अलावा कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, राज्य के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के अलावा अंजू बॉबी जॉर्ज, विमल कुमार, एबी सुब्बैया, एसवी सुनील, वी रघुनाथ, सहाना कुमारी जैसी खिलाड़ियों ने भी शिरकत की।

## राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल दौरे का निमंत्रण किया स्वीकार, आने वाले महीनों में जाएंगे यात्रा पर

**अवीवः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने आने वाले महीनों में इस्राइल का दौरा करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस्राइल के प्रधान मंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन



ने इस्राइल की यात्रा के लिए प्रधान मंत्री नफ्ताली बेनेट के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया और घोषणा की कि वह आने वाले महीनों में इस्राइल की यात्रा करेंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि इस्राइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडन से फोन पर बात की और यरूशलम में हाल ही में इस्राइली और फिलिस्तीनी नागरिकों के बीच हुए संघर्ष के साथ-साथ ईरान के बारे में दोनों ने साझा चिंताओं पर चर्चा की। इस्राइल ने ईरान के साथ 2015 के अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के अमेरिकी प्रयासों का विरोध करते हुए कहा था कि इसमें ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल नहीं हैं। इस्राइल ने यह भी आशंका जताई है कि अमेरिका ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड को विदेशी आतंकवादी समूहों की सूची से हटा सकता है।

## अमेरिकी केमिकल सोसायटी का दावाः नायलॉन बैग और कप हमारे शरीर में पहुंचा रहे प्लास्टिक, एक लीटर में 35 लाख नैनो पार्टिकल

**वाशिंगटनः** अगर आप ओवन में खाना पकाने व गर्म रखने के लिए नायलॉन बैग उपयोग करते हैं या प्लास्टिक की परत वाले कप-गिलास से गर्म पेय पदार्थ ले रहे हैं, तो बहुत संभव है कि इनके साथ कुछ प्लास्टिक कण भी आपके शरीर में पहुंच रहे हैं। अमेरिकी केमिकल सोसाइटी ने अपने ताजा अध्ययन में यह खुलासा किया है।

अध्ययनकर्ता क्रिस्टोफर जांगमेइस्टर की यह रिपोर्ट 'एन्वायर्नमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी' जर्नल में प्रकाशित की गई है। नायलॉन बैग या यह कप आज सामान्यतः उपयोग हो रहे हैं, लेकिन वे हमारे शरीर में प्लास्टिक के लाखों करोड़ की संख्या में प्लास्टिक के नैनो-पार्टिकल भी पहुंचा रहे हैं। क्रिस्टोफर के अनुसार इन्हें सामान्य सीमा के भीतर माना जा रहा है, लेकिन लंबे समय में इनके क्या खतरे हो सकते हैं, यह अभी सामने नहीं आया है।

**खतरे : हर 7 कोशिकाओं पर 1 प्लास्टिक नैनो पार्टिकल**

इन बैग व कप से पिया गया करीब आधा लीटर पानी हमारे शरीर की हर 7 कोशिकाओं के अनुपात में 1 प्लास्टिक नैनो पार्टिकल शरीर के भीतर पहुंचा सकता है। यह संख्या अमेरिकी खाद्य व औषधि प्रशासन के नियमों के अनुसार सुरक्षित हैं, हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार लंबे अध्ययनों की भी जरूरत है।

## जयशंकर ने साझा किया अर्जेंटीना के विदेश मंत्री का भारत के साथ 'फैमिली कनेक्शन', परंपरा जारी रखने की अपील

**वाशिंगटनः** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक ट्वीट में अर्जेंटीना के अपने समकक्ष सैंटियागो कैफिएरो का भारत के साथ 'पारिवारिक संबंध' साझा किया। अर्जेंटीना के विदेश मंत्री के दादा एंटोनियो कैफिएरो ने साल 1951 में भारत सरकार के साथ 'गेहूं के लिए जूट' (जूट फॉर व्हीट) समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जयशंकर ने ट्वीट में लिखा, 'आज विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो ने भारत के साथ एक पारिवारिक संबंध साझा किया। उनके दादा ने 1951 में गेहूं के लिए जूट समझौते पर दस्तखत किए थे। हम चाहते हैं कि वह इस परंपरा को आगे बढ़ाएं।' सैंटियागो रायसीना वार्ता में शामिल होने के लिए दिल्ली आए हुए हैं।

रायसीना वार्ता का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 25 से 27 अप्रैल तक होना है। दोनों नेताओं ने आज दिल्ली में स्थित हैदराबाद हाउस में बैठक भी की थी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-मोबिलिटी, रक्षा और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हुई। इस बैठक को लेकर जयशंकर ने एक ट्वीट में कहा कि सैंटियागो कैफिएरो की पहली भारत यात्रा के दौरान सकारात्मक और उत्पादक बैठक हुई। हमने अपने द्विपक्षीय कारोबार समेत विभिन्न अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा कि हम जी20 और बहुपक्षीय मंचों पर भी नजदीकी से काम करेंगे।

# सूडान में खूनी झड़प : अरब और गैर-अरब कबीलों की लड़ाई में 168 लोगों की मौत, 98 घायल





**सूडान।** सूडान के एक सहायता समूह का कहना है कि दारफुर प्रांत में अरबों और गैर-अरबों के बीच कबायली संघर्ष में 168 लोगों की मौत हो गई। इस इलाके में शरणार्थियों के लिए काम करने वाले एडम रीगल का कहना है कि इस लड़ाई में 98 लोग घायल हो गए।

रीगल ने बताया कि लड़ाई की शुरुआत सबसे पहले दारफुर की राजधानी जिनेना से लगभग 30 किलोमीटर क्रिनिक में हुई थी। यहां पर गुरुवार को एक हमलावर ने दो लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद संघर्ष शुरू हो गया।

**विद्रोहियों ने हॉस्पिटल पर किया था हमला**

इसके बाद जनजावीद नाम के विद्रोही समूह ने रविवार तड़के भारी हथियारों के साथ जिनेना पर हमला कर दिया। जिनेना के पूर्व मेडिकल डायरेक्टर सलाह सालेह का कहना है कि मिलिशिया समूहों ने उस वक्त हमला किया जब घायलों का शहर के मुख्य हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था।

**सेना ने पिछले साल किया था तख्तापलट**

सूडान में पिछले साल सेना ने तख्तापलट कर दिया था। इसके बाद से देश में आंतरिक कलह काफी बढ़ गई है। हालांकि, तख्तापलट की अगुआई करने वाले नेता जनरल अब्दल फत्ताह अल-बुरहान ने वादा किया है कि जुलाई 2023 में चुनाव होंगे और तब चुनी गई सरकार को सत्ता सौंप दी जाएगी। राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे सूडान में आर्थिक संकट भी गहराता जा रहा है। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र के डिप्लोमैट वोल्कर पर्थेस ने कहा था कि सूडान एक बड़े आर्थिक संकट से घिरता जा रहा है। 2021 में तख्तापलट के बाद कामकाजी सरकार के बिना आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।

## ब्राजील में कोरोना घटा तो दो सदी पुराने फेस्टिवल में उमड़ी लाखों की भीड़, गांधी-मंडेला की तस्वीरें लेकर पहुंचे लोग





**ब्राजील ।** ब्राजील के रियो डि जनेरियो में रियो कार्निवल शुरू हो गया है। कोरोना के चलते पिछले दो साल से इसका आयोजन नहीं किया गया था। शुरू हुआ ट्रेडिशनल कार्निवाल पांच दिन तक चलेगा। पहले दिन सांबाड्रोम शहर की सबसे पुरानी इस स्ट्रीट पार्टी में हजारों लोग डांस का लुत्फ उठाते दिखे। लोग ट्रेडिशनल कस्ट्यूम और हेड ड्रेसेज में नजर आए।

रियो कार्निवल 18वीं शताब्दी से मनाया जा रहा है। इसके तहत सांबाड्रोम में 1980 से लगातार कार्निवल परेड होती आई है। पर कोरोना के भीषण हालात में यह जगह 400 बेघर परिवारों की शरणस्थली बन गया था। उसके बाद इसके टीकाकरण केंद्र में तब्दील किया गया। हालात सुधरे तो कार्निवल धूमधाम से मनाने की इजाजत दी गई।दो दिन में डेढ़ लाख लोग जुटे

कोरोना से पहले तक यहां रोज 20 लाख लोग सड़कों पर उतरते थे। यानी 4 लाख लोग रोज आते थे। अब कार्निवल में दो दिन में करीब डेढ़ लाख लोग जुट चुके हैं। सांबा स्कूल, डांसर, ढोल और बहु-मंजिला झांकियों ने सांबाड्रोम को उसकी भव्यता लौटा दी।

## तालिबानी रक्षा मंत्री ने पाकिस्तानी सेना को दी धमकी, अफगानिस्तान पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे

**काबुल।** तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे व अफगानिस्तान के कार्यकारी तालिबानी रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर चल रहे तनाव के बीच शहबाज शरीफ सरकार को धमकी दे डाली है। मुल्ला याकूब ने कहा कि तालिबानी प्रशासन पड़ोसी देशों से 'आक्रमण' को बर्दाश्त नहीं करेगा। इससे पहले तालिबान ने हवाई हमलों को लेकर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी थी। कुनार और खोस्त प्रांतों में हुए पाकिस्तानी हवाई हमले में दर्जनों की तादाद में अफगान लोग मारे गए थे जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। मुल्ला याकूब ने एक कार्यक्रम में कहा, 'हम दुनिया और पड़ोसी देशों से चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यह उनकी ओर से कुनार में हमारे क्षेत्र पर आक्रमण का स्पष्ट उदाहरण है। हम



आक्रमण को सहन नहीं कर सकते हैं। हमने अपने राष्ट्रीय हितों की वजह से हमले को सहन किया है लेकिन अगली बार हम इसे सहन नहीं करेंगे।' इस बीच पाकिस्तानी वायुसेना के फाइटर जेट एक बार फिर से अफगान सीमा में घुसने की खबर आई है। इसके जवाब में तालिबानी सेना ने एंटी एयरक्राफ्ट गन का इस्तेमाल किया है।

## जंग के बीच त्योहार की खुशियां : यूक्रेन में लोगों ने मनाया ईस्टर, युद्ध खत्म होने की कामना की





**कीव ।** यूक्रेन में चारों ओर तबाही का मंजर है। यूक्रेनी शहरों में रूसी हमले लगातार जारी हैं। दोनों देशों की सेनाओं को काफी नुकसान पहुंचा है। लेकिन जंग का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ा है। लोग बंकर में छुपकर अपनी जान बचा रहे हैं। लेकिन डर के साये के बीच उनके मन में हालात सामान्य होने की उम्मीद है। इसी उम्मीद के साथ लोगों ने आज यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स ईस्टर मनाया।अगले पांच दिन यूक्रेन में पूरे रीति-रिवाज और परंपराओं को निभाते हुए ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। ईस्टर बेफिक्र होकर खुशियां मनाने का पर्व है, लेकिन यूक्रेन के हालात बदतर हो गए हैं। यहां लोगों की आंखों से आंसू रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जंग के बाद से अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों ने अपनों को खोया है। अब सभी जंग के थमने और नए सिरे से जिंदगी शुरू करने का इंतजार कर रहे हैं।

## बीजिंग ने 35 लाख लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण की जांच शुरू की

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से फैल रहे हैं और शंघाई में संक्रमण से 51 लोगों की मौत होने के बाद प्रशासन ने ज्यादा मामलों वाले जिले चाओयांग में 35 लाख से अधिक लोगों की जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक मीडिया के अनुसार, बीजिंग की स्थानीय सरकार ने चाओयांग जिले में सोमवार से तीन दिन तक 35 लाख से अधिक लोगों की जांच के आदेश दिए



हैं, जिले में संक्रमण के काफी मामले सामने आए हैं। चाओयांग रोग निवारण एवं नियंत्रण टीम ने एक नोटिस में कहा कि जिले में रहने वाले और वहां काम करने वालों की जांच की जाएगी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बीजिंग में 14 मामले सामने आए, जिनमें से 11 मामले चाओयांग जिले में थे, जो शहर का मध्य भाग है और जहां शीर्ष चीनी नेतृत्व रहता है। वहीं चीनी मुख्यभूमि में 20,190 से अधिक मामले सामने आए, इनमें से अधिकतर में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं थे।

## मैक्रों फिर बने फ्रांस के राष्ट्रपतिःदक्षिण पंथी नेता मरिन ले पेन को हराया, 2002 के बाद लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति बनने वाले पहले नेता

**पेरिस।** इमैनुएल मैक्रों दूसरी बार फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्होंने नेशनल रैली पार्टी की दक्षिण पंथी उम्मीदवार नेता मरिन ले पेन को हराया। आखिरी राउंड की वोटिंग में मैक्रों को 58.2फीसदी और ले पेन को 41.8फीसदी वोट मिले। कोरोना से बेहतर ढंग से निपटने की वजह से लोग उन्हें पसंद कर रहे थे।

फ्रांस में 2002 के बाद कोई नेता दोबारा राष्ट्रपति नहीं चुना गया था, लेकिन मैक्रों ने इस सिलसिले को तोड़ दिया। हालांकि, इस बार की जीत में उनकी जीत का अंतर कम हुआ है। 2017 में मैक्रों को



की बधाई। मैं उम्मीद करता हूं कि हम उन मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे जो हमारे देशों के साथ दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं।

जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने मैक्रों के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा मुझे खुशी है कि हम आपस में सहयोग जारी रखेंगे।

**वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा- कनाडा और फ्रांस के लिए जरूरी मुद्दों पर काम जारी रखने के लिए आशान्वित हूं।**

**भारत के लिए इस चुनाव के मायने**

फ्रांस के साथ भारत के बहुत अच्छे रिश्ते हैं। फ्रांस की अब तक कोई सरकार कभी भारत विरोधी नहीं रही। मैक्रों अपनी रैलियों में साफ कर चुके हैं कि भारत उनके एजेंडे में फर्स्ट प्रायोरिटी के तौर पर है। फ्रांस ने हमेशा ह में भारत की परमानेंट मेंबरशिप का सपोर्ट किया है।

**मरिन की हार से अमेरिका को राहत**

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, नाटो विरोधी मरिन ले पेन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन सहानुभूति रखती हैं। ऐसे में जब यूक्रेन युद्ध के बीच मैक्रों की जीत से अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों को काफी राहत मिली है। मैक्रों की जीत ने फ्रांस को जेनोफोबिक राष्ट्रवाद से बचा लिया है।

**क्यों अहम हैं फ्रांस के चुनाव?**

6 करोड़ 70 लाख की आबादी वाला फ्रांस दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। टूरिज्म और लाइफ स्टाइल एसेसिरीज के लिए दुनिया भर में मशहूर फ्रांस तीसरी सबसे बड़ी न्यूक्लियर पावर भी है। यूरोपियन यूनियन के फाउंडर मेंबर्स होने के साथ वो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 5 परमानेंट मेंबर्स में से एक है।

## श्रीलंका में सड़कों पर सैलाब : सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने फिर घेरा पीएम आवास, राष्ट्रपति व पीएम राजपक्षे से इस्तीफे की मांग

**कोलंबो।** आर्थिक तबाही झेल र हेश्रीलंका में एक बार फिर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री निवास घेर लिया। बड़ी संख्या में छात्र प्रदर्शन में शामिल थे। ये राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे और पीएम महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

श्रीलंका में आर्थिक बदहाली व सियासी संकट को लेकर बीते 15 दिनों से आंदोलन जारी है। इंटर यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स फेडरेशन से जुड़े इन छात्रों को पीएम आवास पर जमकर नारेबाजी करते देखा गया। विद्यार्थियों को कोलंबो के विजेरामा मावथा इलाके में प्रधानमंत्री आवास के बाहर नारेबाजी करते देखा गया। दर्जनों लोगों ने पीएम के सरकारी आवास के समीप प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति राजपक्षे और पीएम महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग की। आवास की चारदीवारी पर 'घर जाओ राजपक्षे' लिखा गया। श्रीलंका में नौ अप्रैल से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। आर्थिक रूप से कंगाल हो चुकी श्रीलंका



सरकार के पास महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात के लिए पैसे नहीं हैं। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू गई हैं और ईंधन, दवाओं और बिजली की आपूर्ति की भारी कमी हो गई है। रविवार को आंदोलन और उग्र होता नजर आया।

प्रदर्शन इसलिए तेज हुए क्योंकि पीएम राजपक्षे ने अंतरिम सरकार के गठन की मांग खारिज कर दी। रविवार को राजपक्षे ने कहा था कि अंतरिम सरकार इसलिए नहीं बन सकती, क्योंकि विरोधी नीतियों वाले लोग एक नीति पर सहमत नहीं हो सकते। सहमति जरूरी है, जो कि संभव नहीं दिखती। यदि अंतरिम सरकार चाहते हैं तो वह मेरे नेतृत्व में ही बनना चाहिए।

बीते सप्ताह सरकार ने विपक्षी दलों व प्रदर्शनकारियों से संपर्क कर उनसे आंदोलन खत्म करने का अनुरोध किया था, लेकिन उसके प्रयास विफल हो गए, क्योंकि आंदोलनकारी सरकार के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं। इस बीच, कोलंबो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कोलंबो की कुछ सड़कों पर नहीं उतरने की चेतावनी दी और कोर्ट के आदेश का हवाला दिया, लेकिन विद्यार्थियों ने कहा कि कोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई है।

प्रदर्शनकारी पूर्व में भी पीएम राजपक्षे के निवास का घेराव कर चुके हैं। उनकी ही पार्टी के सदस्य भी उन्हें इस्तीफा देने और अंतरिम सरकार के गठन का आग्रह कर रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के 40 से अधिक सांसदों का एक समूह पहले ही गठबंधन सरकार से अलग हो चुका है। वह सभी दलों को मिलाकर साझा सरकार बनाने व आर्थिक संकट का दूर करने की मांग कर रहे हैं।

## रूसी घेराबंदी वाले मैरियूपोल स्टील प्लांट पर बमबारी, दो हजार यूक्रेनी सैनिक मौजूद, विस्फोटक सामग्री बनाने वाली फैक्टरी पर भी हमला

**पेरिस।** रूस की सेना ने कहा है के उसने विस्फोटक सामग्री बनाने वाली यूक्रेन की एक फैक्टरी, कई तोपखानों और सैकड़ों अन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने रविवार को कहा कि सेना ने मध्य यूक्रेन में नीप्रो क्षेत्र में पावलोहराद के पास विस्फोटक सामग्री बनाने वाली एक फैक्टरी को नष्ट करने के लिए मिसाइल से हमला किया।

कोनाशेनकोव ने कहा कि रूसी सेना ने खारकीव क्षेत्र के बरविंकोव, नोवा दिमित्रिवका, इवानिवका, हुसारिवका और वेल्यका कोमिशुवाखा में कई तोपखानों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि रूसी तोपों ने रात भर में 423 यूक्रेनी ठिकानों को निशाना बनाया और रूसी युद्धक विमानों ने 26 यूक्रेनी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। मैरियूपोल में घेराबंदी में रखे एक स्टील प्लांट पर रूसी सेना ने भारी बमबारी की। यहां करीब दो हजार यूक्रेनी सैनिकों का मोर्चा तोड़ने की कोशिशें इन हमलों से तेज की गई। यूक्रेन ने रविवार को बताया कि रूस दो महीने से मैरियूपोल को पाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसे बड़ा नुकसान हुआ है। प्लांट में मौजूद सैनिक अजोव बटालियन के बताए जा रहे हैं, जो यूक्रेन के कट्टर दक्षिणपंथियों ने बनाई है। रूस का आरोप है कि यह बटालियन नाजीवादियों ने बनाई है। यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ओलेक्सांडर श्तुपन के अनुसार रूस ने स्टील प्लांट पर हवाई हमले किए और कई मिसाइलें दागीं। रविवार को ही लुहांस्क के गवर्नर सरहिय हाईदे ने बताया कि शहर पर हुए हमले में 8 नागरिक मारे गए हैं। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर चढ़ाई से पीछे हटने के बाद डोनबास पर भी कब्जे की कोशिशें तेज की हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506